हरिभूमि

गुना-राजगढ़-अशोकनगर भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, गुरुवार 20 अगस्त 2026

09 रेल विभाग ने आज से ट्रेन का समय परिवर्तित...



10 जिला पंचायत सीईओ का एक्शन, लापरवाही पर 5 पंचायत सचिव...



राधौगढ़ | मुंगावली | आरोन | चाचौड़ा | कुंभराज | ब्यावरा | सारंगपुर | नरसिंहगढ़ | खिलचीपुर | जीरापुर | चंदेरी | नईसराय | ईसागढ़

समाचार संक्षेप

कर्मचारियों ने 2 फीसदी डीए को लेकर कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

गुना। तृतीय वर्ग कर्मचारी संघ मध्य प्रदेश के प्रांतीय आह्वान पर मंगलवार को संघ की गुना शाखा द्वारा विभिन्न ज्वलंत मांगों को लेकर प्रदेश के मुख्यमंत्री के नाम कलेक्टर को एक ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन के माध्यम से कर्मचारियों ने मांग रखी कि 1 जनवरी 2026 से 2 प्रतिशत महंगाई भत्ता और महंगाई राहत का तुरंत भुगतान किया जाए। साथ ही नवनियुक्त कर्मचारियों पर लागू 3 वर्ष तक 70 फीसदी, 80 फीसदी और 90 फीसदी वेतनमान के बंधन को समाप्त करने, प्रदेश में कैशलेस स्वास्थ्य बीमा योजना लागू करने तथा ई-अटेंडेंस की व्यवस्था को तुरंत बंद करने की प्रमुख मांगें उठाई गईं। इस अवसर पर कर्मचारी नेताओं ने कहा कि यदि शासन द्वारा समय रहते उनकी न्यायसंगत मांगों को पूरा नहीं किया गया तो संघ उग्र आंदोलन के लिए बाध्य होगा। ज्ञापन सौंपते समय जिलाध्यक्ष राजकुमार रघुवंशी, संतोष परिहार, राजकुमार सेलर, मुन्नालाल गुप्ता, सुरेंद्र चौधरी, रामसिंह राठौड़, दिनेश यादव, राजन रजक, प्रदीप पांडे, बबलेश रघुवंशी, अरुण सिंह एवं अरविंद सिंह सहित बड़ी संख्या में कर्मचारी उपस्थित रहे।

एकल विद्यालय ग्राम मकरौदी के आचार्य का किया सम्मान

गुना। एकल अभियान पी सेवन जागरण शिक्षा प्रभारी विकास जैन नखराली एवं श्री हरिकथा संभाग अध्यक्ष घनश्याम रघुवंशी ने एकल विद्यालय ग्राम मकरौदी पहुंच विद्यालय का निरीक्षण किया। साथ ही जनजाति समाज के बच्चों एवं आचार्य को सम्मानित किया। जिसमें मकरौदी विद्यालय ग्राम के आचार्य रामलाल पटेलिया एवं विद्यालय प्रतिभावान बच्चों को माल्यार्पण एवं पुरस्कार वितरण कर उन्हें सम्मानित कर उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। इस दौरान विकास जैन ने कहा कि देश भर में लगभग एकल के 1 लाख से अधिक विद्यालय संचालित है और इन एकल विद्यालय के आचार्य पंचमुखी शिक्षा के माध्यम से ग्रामीण एवं वनवासी क्षेत्रों में शिक्षा, संस्कृति और राष्ट्र चेतना का दीप प्रज्वलित कर रहा है। इस अवसर पर ग्राम समिति सहित बड़ी संख्या में बच्चों के अभिभावक उपस्थित रहे।

मुख्यमंत्री ने लाड़ली बहनों के खातों में राशि की अंतरित

गुना। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा मैहर जिले से प्रदेश की 1.25 करोड़ से अधिक लाड़ली बहनों के खातों में 02 हजार 148 करोड़ से अधिक रूपये की राशि का अंतरित की गयी। इस बार लाड़ली बहनों को नियमित किश्त 1500 रूपये के अतिरिक्त रक्षाबंधन के शगुन के रूप में 250 रूपये भी दिये गये। इस प्रकार प्रत्येक लाड़ली बहना को रक्षाबंधन के पूर्व 1750 रूपये की राशि अंतरित की गयी। गुना जिले की 02 लाख 27 हजार 114 लाड़ली बहनों के खाते में 39 करोड़ 13 लाख 25 हजार 150 रूपये की राशि की गई । कार्यक्रम का वर्चुअल प्रसारण कलेक्ट्रेट स्थित महिला-बाल विकास विभाग में दिखाया गया।

जमीन विवाद में विधवा भाभी से मारपीट, देवर ने शराब के नशे में पीटा और गला दबाया

गुना। जिले के राघौगढ़ थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम रामनगर में जमीन बंटवारे के विवाद को लेकर एक देवर द्वारा अपनी विधवा भाभी के साथ मारपीट करने और जान से मारने की धमकी देने का मामला सामने आया है। पुलिस ने पीड़िता की शिकायत पर आरोपी देवर के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। रामनगर निवासी सीमा बाई यादव (35) पति स्व. संजू यादव ने परिजनों के साथ थाने पहुँचकर दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि दस माह पूर्व पति के देहांत के बाद वह बच्चों के साथ अलग रहती हैं। जमीन का बंटवारा न होने पर जब उन्होंने बात की, तो देवर जगदीश यादव ने मायके जाने का दबाव बनाया। गत रात 9 बजे शराब के नशे में धुत देवर ने गालियां देते हुए उन पर डंडे से हमला कर दिया और गला दबा दिया। बेटी शिवानी के बीच-बचाव करने पर आरोपी जान से मारने की धमकी देकर भाग गया।


परिजन कर रहे थे अंतिम संस्कार, चोरों ने लगा दी घर में सेंध

वीरेन्द्र नगर में सूने मकान का ताला तोड़कर उड़ाए चांदी-सोना और नकदी

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुना

जिला मुख्यालय के सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत वीरेंद्र नगर स्थित पारस मल्टी के पीछे चोरों ने सेंधमारी की है। यह वारदात तब हुई परिवार जब अपने परिजन के निधन के बाद अंतिम संस्कार और शोक सभा में शामिल होने पैतृक निवास गया हुआ था, तभी सूने मकान को निशाना बनाकर बेखौफ चोर लाखों रुपये मूल्य के सोने-चांदी के आभूषण और नकदी पार कर ले गए।निधन के बाद बंद था मकान, पैतृक निवास गए थे।

परिजन से प्राप्त जानकारी के अनुसार, वीरेंद्र नगर निवासी भारत कुमार ओझा का 18 अगस्त को देहांत हो गया था। मृतक के भाई चंद्रमोहन ओझा ने सिटी कोतवाली थाने में लिखित आवेदन देते हुए



बताया कि भाई के निधन के कारण परिवार के सभी सदस्य, छोटे बच्चे और रिश्तेदार अंतिम यात्रा व अंतिम संस्कार की क्रियाओं के लिए अपने पैतृक मकान श्रीराम कॉलोनी गए हुए थे।

वीरेंद्र नगर स्थित पारस मल्टी वाले मकान पर ताला लगा हुआ था।चांदी के कड़े, सोने के मंगलसूत्र, कंगन और 40 हजार नकदी पर हाथ साफ किया। मकान को सूना पाकर अज्ञात चोरों ने ताला तोडक़र अंदर प्रवेश किया और घर में रखे कीमती सामान पर हाथ साफ कर दिया। जिसमें चांदी की पाजेब (2 जोड़ी), दो चांदी के कमरपट्टे, करधनी (लगभग 800 ग्राम) और चांदी के हाथ में पहनने वाले चूड़े (लगभग 800 ग्राम) तथा सोने के आभूषण तीन नग सोने के मंगलसूत्र (लगभग 48 ग्राम), सोने की चूड़ियाँ (25 ग्राम), 50 ग्राम सोने के सिक्के तथा दो नग सोने के हार (8 ग्राम) चोरी कर ले गए। वहीं अलमारी में रखी लगभग 40 हजार रुपये की नकद भी ले गए।

जिले में अब तक 752.3 मिमी औसत वर्षा दर्ज

गुना। जिले में 01 जून से अब तक 752.3 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है। जो कि सामान्य वर्षा का 71.4 प्रतिशत है। जिले में गत वर्ष इसी अवधि में 1211.9 औसत वर्षा दर्ज की गई थी। जिले की वर्षा ऋतु में सामान्य औसत वर्षा 1053.5 मिलीमीटर है। जानकारी के अनुसार 01 जून से 19 अगस्त 2026 प्रातः 8:00 बजे तक जिले के वर्षामापी केन्द्र गुना में 547.9 मिलीमीटर, बमोरी में 443.6, आरोन में 609.0, राघौगढ़ में 711.0, चांचौड़ा में 784.0, कुम्भराज में 1016.0 तथा वर्षा मापी केन्द्र मक्सूदनगढ में 1158.2 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई है। जिले में बीते 24 घंटे में 1.3 मिमी औसत वर्षा दर्ज की गई। इस अवधि में वर्षा मापी केन्द्र गुना में 0.0 मिमी., बमोरी में 0.0 मिमी., आरोन में 0.0 मिमी., राघौगढ़ में 3.0 मिमी., चांचौड़ा में 0.0 मिमी., कुंभराज में 2.0 एवं वर्षामापी केन्द्र मक्सूदनगढ़ में 4.0 मिमी. वर्षा दर्ज की गई।

ताकत की मनमानी पर भारी पड़ा छात्राओं का गुस्सा

विवादित प्राचार्य को पद से हटाया गया जांगिड़ बने स्कूल के नए प्रभारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुना

पीएमश्री शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय धरनावदा की प्रभारी प्राचार्य ममता सोनी की तानाशाही और मनमानी के खिलाफ कलेक्टोरेट जनसुनवाई में छात्राओं और अभिभावकों के आक्रोश का असर अब साफ नजर आने लगा है। जिला शिक्षा अधिकारी गुना ने कड़ा एक्शन लेते हुए ममता सोनी को प्राचार्य पद के प्रभार से तत्काल प्रभाव से मुक्त कर दिया है। उनकी जगह स्कूल के ही उच्च माध्यमिक शिक्षक गिरिराज प्रसाद जांगिड़ को संस्था के सफल एवं सुचारू संचालन हेतु नया प्रभारी प्राचार्य नियुक्त किया गया है।

फूटा था छात्राओं का गुस्सा, जांच रिपोर्ट के बाद गिरी गाज

उल्लेखनीय है कि 18 अगस्त को आयोजित कलेक्टोरेट जनसुनवाई में धरनावदा स्कूल की छात्राओं, अभिभावकों और ग्रामीणों ने उपस्थित होकर प्रभारी प्राचार्य ममता सोनी के खिलाफ मोर्चा खोला था। छात्राओं ने आरोप लगाए थे कि स्कूल में पढ़ाई का माहौल नहीं है, नियमित कक्षाएं नहीं चलतीं और विरोध करने पर प्रैक्टिकल में



फेल करने व पुलिस कार्रवाई की धमकियां दी जाती हैं। इसके पूर्व 15 अगस्त को स्वतंत्रता दिवस कार्यक्रम के दौरान भी छात्राओं द्वारा व्यवस्थाओं पर सवाल उठाए जाने का वीडियो वायरल हुआ था, जिसके आधार पर समाचार पत्रों में खबरें प्रकाशित हुई थीं।

दो सदस्यीय जांच दल की अनुशंसा पर जारी हुआ आदेश

मामले की गंभीरता को देखते हुए जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा दो सदस्यीय जांच दल गठित किया गया था। जांच अधिकारियों ने अपनी रिपोर्ट में स्पष्ट अभिमत दिया कि संस्था के सुचारू संचालन और शैक्षणिक माहौल को बेहतर बनाने के लिए प्राचार्य पद का प्रभार किसी अन्य वरिष्ठ शिक्षक को सौंपा जाना आवश्यक है। जांच प्रतिवेदन के आधार पर जिला शिक्षा अधिकारी गुना ने छात्रहित और लोकहित को प्राथमिकता देते हुए आदेश क्रमांक 9546 जारी कर ममता सोनी को प्रभार से हटाकर गिरिराज प्रसाद जांगिड़ को आगामी आदेश तक प्रभारी प्राचार्य का दायित्व सौंप दिया है। यह आदेश तत्काल प्रभाव से लागू कर दिया गया है।

आरोपः नपा कर्मचारी की प्रताड़ना से तंग महिला ने खाया जहर

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुना

जिला मुख्यालय के सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत बूढ़े बालाजी इलाके में एक बेवा महिला द्वारा जहरीला पदार्थ खाकर खुदकुशी करने का गंभीर मामला सामने आया है। मृतका की पहचान सुनीता अहिरवार (35) पत्नी स्व. कमलेश अहिरवार के रूप में हुई है। बुधवार को पुलिस ने जिला अस्पताल में पोस्टमार्टम कराने के बाद शव परिजनों को सौंप दिया है।

पति के निधन के बाद बच्चों के साथ अकेली रहती थी महिलाः घटना के संबंध में मृतका के पिता केदारीलाल जाटव निवासी मारकीमहू ने बताया कि लगभग 15 वर्ष पूर्व उनकी बेटी की शादी हुई थी। करीब 5 साल पहले दामाद का निधन हो चुका था, जिसके बाद से सुनीता अपने दो बच्चों के साथ बूढ़े बालाजी स्थित अपने मकान में रह रही थी। मकान के निचले हिस्से में किराएदार रहते थे। जबकि अन्य ससुराल वाले भी बाहर रहते हैं। मंगलवार शाम करीब 4 बजे नातिन ने फोन कर मां द्वारा जहरीला पदार्थ खाने की सूचना दी, जिसके बाद परिजन अस्पताल पहुँचे।

नगर पालिका कर्मचारी पर प्रताड़ना का आरोप, मोबाइल छीन ले जाने की बात आई सामनेः मृतका के पिता ने एक नगर पालिका कर्मचारी पर गंभीर आरोप लगाते हुए बताया कि उसकी बेटी की उक्त कर्मचारी से पहचान थी, लेकिन हाल ही में दोनों के बीच विवाद हो गया था। आरोप है कि उक्त कर्मचारी द्वारा लगातार मानसिक दबाव बनाया जा रहा था, जिससे परेशान होकर महिला ने यह आत्मघाती कदम उठाया। परिजनों के मुताबिक पूर्व में भी महिला ने जान देने की कोशिश की थी और आरोपी युवक उसका मोबाइल भी छीनकर ले गया था।

पंचायत सचिव ने फांसी लगाकर की खुदकुशी

इधर सिटी कोतवाली थाना अंतर्गत सकतपुर स्थित साईं सिटी कॉलोनी में पदस्थ एक पंचायत सचिव द्वारा फांसी लगाकर खुदकुशी करने का दुखद मामला सामने आया है। मृतक की पहचान मुकुट बाबू शर्मा (58) के रूप में हुई है, जो पंचायत सचिव के पद पर कार्यरत थे। बुधवार को पुलिस ने जिला अस्पताल में शव का पोस्टमार्टम कराकर स्वजनों को सौंप दिया है। घटना का खुलासा उस समय हुआ जब परिजनों का संपर्क पंचायत सचिव से नहीं हो सका। अनहोनी की आशंका के चलते परिजनों ने तत्काल सिटी कोतवाली पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुँची पुलिस टीम ने जब दरवाजा खोलकर अंदर प्रवेश किया, तो पंचायत सचिव मुकुट बाबू शर्मा फांसी के फंदे पर लटके हुए मिले।

गेल के सोलर प्लांट से केबल चोरी, सिस्टम चालू न होने पर हुआ वारदात का खुलासा

गुना। जिले के विजयपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत विजयपुर रेलवे स्टेशन के पास स्थित गेल सोलर प्लांट से अज्ञात बदमाश हजारों रुपये कीमत की कॉपर केबल चुराकर रफूचक्कर हो गए। घटना का खुलासा तब हुआ जब स्वतंत्रता दिवस पर 15 अगस्त की सुबह सोलर प्लांट चालू नहीं हो सका। प्लांट के साइड प्रभारी विष्णु पटवा (34) निवासी ग्राम माल बमौरा (विदिशा) ने तकनीशियन अजब सिंह के साथ विजयपुर थाने पहुँचकर शिकायत दर्ज कराई है। पीड़ित ने बताया कि गत शाम 6:30 बजे प्लांट बंद कर पूरा स्टाफ चला गया था और रात में 5 सुरक्षा गार्ड तैनात थे। अगली सुबह जब सिस्टम चालू नहीं हुआ, तो जांच करने पर 6 एमएम की डीसी कॉपर केबल गायब मिली। आसपास तलाश करने के बाद भी जब केबल नहीं मिली, तो चोरी की पुष्टि हुई। पीड़ित का कहना है कि प्लांट में पूर्व में भी कई बार चोरी की वारदातें हो चुकी हैं। पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

भगवान पार्श्वनाथ का मोक्ष कल्याणक, श्रद्धालुओं ने चढ़ाया निर्वाण लाडू

गुना। जैन धर्म के 23वें तीर्थंकर चिंतामणि श्री पार्श्वनाथ भगवान का मोक्ष कल्याणक महोत्सव अंचलभर में उत्साह और भक्तिभाव से मनाया गया। इस मौके पर गुना के चौधरी मोहल्ला स्थित पार्श्वनाथ दिगंबर जैन बड़ा मंदिर में महामस्तकाभिषेक हुआ। इस अवसर पर सुबह से ही मंदिर जी में श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ पड़ा। प्रभात वेला में मंगलाष्टक के साथ मांगलिक कार्यक्रमों का शुभारंभ हुआ, जिसके बाद हजारों श्रद्धालुओं ने प्रभु का भव्य महामस्तकाभिषेक किया। प्रथम अभिषेक करने का पुण्य लाभ रमेशचंद प्रकाशचंद चौधरी तथा बाबूलाल रमेशचंद संयम जैन को प्राप्त हुआ। इसके उपरांत विश्व शांति की कामना के साथ राहुल जैन, सिद्धार्थ जैन तथा वीरेंद्र कुमार आशीष कुमार चौधरी द्वारा पवित्र शांतिधारा संपन्न की गई।भगवान पार्श्वनाथ स्वामी के चरणों में निर्वाण लाडू समर्पित करने का सौभाग्य अरविंद कुमार, आशीष कुमार को मिला। वहीं, शाम को 48 दीपकों के साथ प्रभु की भव्य महाआरती करने का सौभाग्य रमेशचंद प्रदीप कुमार मामा बरखेड़ा परिवार को प्राप्त हुआ। इस दौरान पूरे मंदिर प्रांगण में जयकारों की गूंज से माहौल धर्ममय हो उठा। कार्यक्रम के दौरान अनेक श्रद्धालुओं ने मिष्ठान, मुक्ती के लड्डू एवं स्वल्पाहार वितरित कर अपनी खुशियां साझा कीं। आरोन में मुनिसंघ के सानिध्य में हुआ महामस्तिकाभिषेक इधर आरोन में चातुर्मासरत मुनि श्री निरोग सागर जी के ससंघ के सानिध्य में यह पर्व मनाया गया। इस दौरान निर्वाण लाडू चढ़ाया गया। पार्श्वनाथ भगवान का वार्षिक महामस्तकाभिषेक एवं शांतिधारा भी की गई। यह आयोजन पार्श्वनाथ दिगम्बर जैन छोटा मंदिर में आयोजित हुआ एवं मुनि श्री ने स्वयं अपने मुखारविंद से बड़ी शांतिधारा के मंत्रों का मंत्रोचारण किया। मोक्षकल्याण महोत्सव के उपलक्ष्य में आयोजित इस महा मस्तिकाभिषेक को करने के लिए श्रद्धालुओं में जबरदस्त उत्साह का माहौल दिखाई दिया।

निर्माण कार्य समय-सीमा से पहले पूर्ण करें, गुणवत्ता से समझौता नहीं: कलेक्टर

नियमित रूप से जांचें निर्माण की गुणवत्ता, करें निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुना

कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में लोक निर्माण विभाग, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, जल निगम, जल संसाधन विभाग, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा एवं एमपीआरडीसी के निर्माण एवं विकास कार्यों की संयुक्त समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में विभागवार प्रगतिरत एवं लंबित निर्माण कार्यों की विस्तृत समीक्षा कर अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। समय-सीमा से पहले पूर्ण हों निर्माण कार्य कलेक्टर कन्याल ने निर्देश दिए कि सभी निर्माण कार्य निर्धारित समय-सीमा में गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूर्ण किए जाएं। अधिकारी नियमित रूप से निर्माण स्थलों का फील्ड निरीक्षण करें और कार्यों की वास्तविक प्रगति की जानकारी लें। उन्होंने कहा कि जहां भी कार्यों में कोई समस्या या तकनीकी बाधा सामने आए, उसका तत्काल निराकरण कर कार्यों में गति लाई जाए। उन्होंने अधिकारियों को प्रयास करने के निर्देश दिए कि निर्माण कार्य निर्धारित समय-सीमा से पहले पूर्ण हों।

कलेक्टर ने स्पष्ट कहा कि निर्माण कार्यों की गुणवत्ता सर्वोच्च प्राथमिकता है और गुणवत्ता के मामले में किसी



भी प्रकार का समझौता स्वीकार नहीं किया जाएगा। उन्होंने इंजीनियरिंग कार्यों में बेहतर प्रबंधन, लागत नियंत्रण मॉनिटरिंग सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

फिजिकल एवं फाइनेंशियल प्रगति की नियमित मॉनिटरिंग

उन्होंने सभी विभागों को अपनी परियोजनाओं की भौतिक एवं वित्तीय प्रगति की सतत निगरानी करने के निर्देश दिए। प्रत्येक कार्य की समय-समय पर समीक्षा कर निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप प्रगति सुनिश्चित करने तथा विभागों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करने पर जोर दिया गया। साथ ही भूमि संबंधी समस्याओं का शीघ्र निराकरण कर कार्यों को अनावश्यक रूप से लंबित नहीं रखने के लिए कहा।

गोपीसागर डेम को पर्यटन एवं रोजगार की दृष्टि से विकसित करने पर जोर

कलेक्टर कन्याल ने संबंधित विभागों को निर्देश दिए कि गोपीसागर डेम की संभावनाओं का बेहतर उपयोग किया जाए। उन्होंने तकनीकी संस्थानों के विद्यार्थियों के लिए डेम का विजिट एवं अध्ययन भ्रमण आयोजित कराने तथा क्षेत्र को पर्यटन एवं रोजगार की दृष्टि से विकसित करने की दिशा में आवश्यक कार्ययोजना तैयार करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि उपलब्ध संसाधनों का बेहतर उपयोग करते हुए स्थानीय स्तर पर पर्यटन गतिविधियों को बढ़ावा दिया जाए, जिससे रोजगार के अवसर भी सृजित हों।

आपसी समन्वय से समस्याओं का तत्काल समाधान करें

बैठक में विभिन्न विभागों के लंबित एवं प्रगतिरत कार्यों की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी कार्यों की प्रभावी मॉनिटरिंग करें, आपसी समन्वय से समस्याओं का तत्काल समाधान करें और विकास कार्यों को समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूर्ण कराना सुनिश्चित करें।

महिलाओं के अपमान पर विधायक के खिलाफ सड़क पर उतरी महिला कांग्रेस

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुना

नानाखेड़ी मंडी में आयोजित बलराम कृषि महोत्सव के मंच से महिलाओं एवं पौराणिक पात्रों को लेकर दिए गए विवादित बयान पर विवाद गहरा गया है। इस बयान के विरोध में महिला कांग्रेस की जिलाध्यक्ष सीमा यादव के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने प्रदर्शन किया। आक्रोशित कार्यकर्ताओं ने नारेबाजी करते हुए विधायक के इस्तीफे की मांग की। महिला कांग्रेस जिलाध्यक्ष ने एसपी को ज्ञापन सौंपकर विधायक के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई और एफआईआर दर्ज करने की मांग की है। सीमा यादव ने कहा कि यदि पुलिस प्रशासन इस मामले में एफआईआर दर्ज नहीं करता है, तो वे स्वयं एक अधिवक्ता होने के नाते विधायक के खिलाफ कोर्ट में परिवाद दाखिल कर कानूनी लड़ाई लड़ेंगी। उन्होंने विधायक के बयान पर कड़ा ऐतराज जताया और कहा कि माता सीता, पांचाली, रानी लक्ष्मीबाई, अहिल्याबाई होल्कर और पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी जैसी महान नारियों का देश और समाज के लिए अप्रतिम योगदान और बलिदान रहा है। उनके प्रति इस प्रकार की टिप्पणी अत्यंत निंदनीय एवं अशोभनीय है। उन्होंने आरोप लगाया कि जब शासकीय कार्यक्रम में मंच पर भाजपा की महिला विधायक और अन्य महिला प्रतिनिधि उपस्थित थीं, तब भी इस प्रकार की अमर्यादित बयानबाजी की गई। महिला कांग्रेस ने कहा कि इस तरह के बड़बोलेपन और अमर्यादित भाषा का प्रयोग करने वाले व्यक्ति को विधायक पद पर रहने का कोई नैतिक अधिकार नहीं है, इसलिए वे तुरंत अपने पद से इस्तीफा दें। प्रदर्शन के दौरान बड़ी संख्या में महिला कांग्रेस कार्यकर्ता व स्थानीय कांग्रेस जन मौजूद रहे।

समाचार संक्षेप

निर्दोष लोगों को दी गई सजा को चांचौड़ा सत्र न्यायालय ने निरस्त किया

चाचौड़ा। चाचौड़ा सत्र न्यायाधीश विपिन सिंह भदौरिया के न्यायालय में विचाराधीन आपराधिक अपील प्रकरण में महत्वपूर्ण फैसला सुनाया जिसमें ग्राम मुंहासकला के निवासी मांगीलाल मीना कन्हैयालाल मीना को चाचौड़ा जे एम एफ सी न्यायालय के प्रकरण क्रमांक 222/2017 में दिनांक 22/5/23 को धारा 457भा द वि छे माह ओर 380 में एक वर्ष की दंड आज्ञा प्रदान की थी, जिसमें एक हजार रु जुर्माना भी किया गया। मामला इस प्रकार था कि कुंभराज निवासी गोपाल मीना ने इस आशय की रिपोर्ट की थी उसके घर के बरामदा में दिनांक 17/5/15 को उनकी मोटर साइकल रखी थी, जिसे चोरों ने रात्रि तीन बजे उठकर चोरी की इस आशय की रिपोर्ट किए जाने पर थाने के द्वारा अनुसंधान करते हुए आरोपी के विरुद्ध अंतिम अभियोग पत्र पेश किया जिसके विचारण में अधीनस्थ न्यायालय ने दोषी पाया था। दोष सिद्ध होने पर आरोपीगण ने उक्त निर्णय की अपील 23/23 सी आर ए माननीय सत्र न्यायालय चाचौड़ा में अपने अधिवक्ता राजीव श्रीवास्तव के माध्यम से प्रस्तुत की जिसमें न्यायालय द्वारा सभी विधिक तर्क की सुनने के बाद ओर नजीर का अवलोकन करने पर दी गई सजा को निरस्त करते हुए चोरी की कहानी पर संदेह व्यक्त किया,दोनों आरोपी को दोषमुक्त कर दिया।

एंजेल पैराडाइस स्कूल में हर्षोल्लास से मनाया गया स्वतंत्रता दिवस



चाचौड़ा। एंजेल पैराडाइस पब्लिक स्कूल में स्वतंत्रता दिवस हर्षोल्लास एवं देशभक्ति के वातावरण में मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ संचालक रूपेश माहेश्वरी ने ध्वजारोहण कर किया। प्रशासक अनीता मुलिक, प्राचार्या गुंजन सलूजा, प्रबंधक वीरेंद्र यादव सहित शिक्षक-कर्मचारी उपस्थित रहे।ध्वजारोहण के बाद राष्ट्रगान हुआ। विद्यार्थियों ने ऑपरेशन सिंदूर, बाल श्रम रोकथाम, शिक्षा का अधिकार, विकसित भारत तथा मोबाइल व सोशल मीडिया के दुष्प्रभावों पर नृत्य, नाटिका एवं नाटक प्रस्तुत कर जागरूकता का संदेश दिया। छात्रा जैनिशा जैन एवं छात्र हृदयांश पालीवाल की देशभक्ति कविता ने भी सभी को प्रभावित किया। फैंसी ड्रेस में विद्यार्थियों ने स्वतंत्रता सेनानियों एवं भारतीय सैनिकों का रूप धारण कर वीरता और देशभक्ति का संदेश दिया।

एनएसएस अधिकारी ने बढ़ाया संस्था और समाज का गौरव

राघौगढ़। शासकीय पॉलीटेक्निक महाविद्यालय राघौगढ़ में शासकीय सेवा में रहते हुए कैलाश नारायण सैनी कर्मशाला निर्देशक एवं एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी के रूप में कार्यरत हैं। आपने अपनी संस्था का गौरव बढ़ाने के साथ-साथ- राष्ट्रीय सेवा योजना के माध्यम से समाज सेवा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने पर जिला कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल एवं गुना विधायक पन्नालाल शाक्य , विधायक प्रियंका पैंची द्वारा प्रशस्ति प्रमाण - पत्र प्राप्त कर जो सम्मान प्राप्त किया है,इससे न सिर्फ संस्था का गौरव बढ़ा हैं बल्कि समाज को भी गौरवान्वित किया हैं। उनकी इस सफलता पर संस्था के प्राचार्य के. आर.डेहरिया एवं स्टाफ सहित परिवार और समाज जन की और से बधाई प्रेषित की है।

स्कूली और कॉलेज के विद्यार्थियों ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

बढ़ा बस किराया वापस लेने और छात्रों को निःशुल्क बस का पास देने की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ आरोन



बढ़े हुए बस किराए को वापस लेने एवं सभी स्कूली और कॉलेज विद्यार्थियों को निःशुल्क बस पास उपलब्ध कराने की मांग को लेकर सिविल सोसाइटी आरोन ने बुधवार, 19 अगस्त को तहसीलदार महोदया को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में कहा गया कि बस किराए में भारी वृद्धि का सबसे अधिक असर गरीब परिवारों, मजदूरों और विद्यार्थियों पर पड़ रहा है। आरोन एवं आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों से बड़ी संख्या में लोग प्रतिदिन रोजगार, मजदूरी और पढ़ाई के लिए शहर आते-जाते हैं। किराया बढ़ने से आम लोगों का दैनिक आवागमन खर्च लगभग दोगुना हो गया है। सिविल सोसाइटी ने कहा कि गांवों से शहर में मजदूरी करने आने वाले दिहाड़ी मजदूरों के लिए स्थिति और गंभीर है। कई मजदूरों की दैनिक मजदूरी का लगभग आधा हिस्सा आने-जाने के बस किराए में ही खर्च हो रहा है, जिससे परिवार के भोजन, शिक्षा और अन्य जरूरी खर्चों के लिए आय का हिस्सा कम बचता है, जीवन यापन मुश्किल है। ज्ञापन में विद्यार्थियों की समस्या को भी प्रमुखता से उठाया गया। गरीब एवं मध्यमवर्गीय परिवारों के बच्चों को प्रतिदिन स्कूल-कॉलेज आने-जाने के लिए बस का उपयोग करना पड़ता है। बढ़ा हुआ किराया शिक्षा पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ डाल रहा है। इसलिए सभी विद्यार्थियों को निःशुल्क बस पास उपलब्ध कराने की मांग की गई।सिविल सोसाइटी ने बढ़े बस किराए को लगातार बढ़ रही महंगाई से जोड़ते हुए कहा कि ईंधन, परिवहन और रोजमर्रा की जरूरतों की बढ़ती कीमतों का बोझ पहले से ही आम जनता पर है। ऐसे समय में सार्वजनिक परिवहन को महंगा करने के बजाय उसे आम लोगों के लिए सुलभ और किफायती बनाया जाना चाहिए।ज्ञापन के माध्यम से बढ़ा हुआ बस किराया तत्काल वापस लेने, सभी छात्रों को निःशुल्क बस पास देने तथा गरीब, मजदूर एवं ग्रामीण परिवारों के लिए सार्वजनिक परिवहन को सस्ता और सुलभ बनाने की मांग की गई।

खाटू श्याम मंदिर परिसर से श्री राम कथा की भव्य कलश यात्रा उत्साह के साथ निकली



हरिभूमि न्यूज ⏭ कुंभराज

नगर कुंभराज में श्री खाटू श्याम मंदिर परिसर में आयोजित श्री राम कथा के शुभारंभ अवसर पर 18 अगस्त 2026 को भव्य कलश यात्रा निकाली गई। कलश यात्रा नगर के विभिन्न मार्गों से होकर निकली, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं एवं नगरवासियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। इस पावन अवसर पर कथा समिति के साथ सम्मिलित होकर श्रद्धालुओं ने धर्मलाभ प्राप्त किया।श्री राम कथा का वाचन महा मंडलेश्वर अनंत श्री विभूषित स्वामी श्री आनंद गिरि जी महाराज, पंचदशनाम जूना अखाड़ा के श्रीमुखारविंद से किया जा रहा है। कथा का आयोजन 18 अगस्त 2026 से 26 अगस्त 2026 तक श्री खाटू श्याम मंदिर परिसर, कुंभराज में किया जा रहा है। कथासमिति द्वारा समस्त नगरवासियों एवं आसपास के क्षेत्र के श्रद्धालुओं से अपील की गई है कि अधिक से अधिक संख्या में कथा स्थल पर पहुंचकर प्रभु श्री राम की पावन कथा का श्रवण करें तथा धर्मलाभ प्राप्त करें।

नव उदय साहित्यिक एवं सांस्कृतिक सम्मानः 2026 के लिए चयनित

हरिभूमि न्यूज ⏭ राघौगढ़



नव उदय पब्लिकेशन द्वारा आयोजित 'अवध नव उदय साहित्यिक एवं सांस्कृतिक सम्मान–2026' के लिए गुना, मध्यप्रदेश के साहित्य एवं सांस्कृतिक क्षेत्र से जुड़े राजेश श्रीवास्तव एवं उनकी पत्नी नीलम श्रीवास्तव का चयन किया गया है।आयोजकों द्वारा जारी चयन-पत्र के अनुसार यह गरिमामय सम्मान समारोह 27 दिसंबर 2026, रविवार को लखनऊ, उत्तर प्रदेश में आयोजित किया जाएगा। समारोह में साहित्य, रचनात्मक लेखन, सामाजिक एवं सांस्कृतिक क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान देने वाली प्रतिभाओं को सम्मानित किया जाएगा। राजेश श्रीवास्तव, प्रदेश अध्यक्ष अखिल भारतीय कायस्थ महासभा, दिल्ली पंजीकृत एवं प्रबंधक, मध्यप्रदेश वेयर हाउसिंग एवं लॉजिस्टिक्स कॉरपोरेशन, राघौगढ़/बमौरी, का चयन साहित्य के क्षेत्र में उनके योगदान तथा गायन विधा में उनकी रुचि एवं सक्रियता के लिए किया गया है।इसी क्रम में उनकी पत्नी नीलम श्रीवास्तव, गुना, का चयन भी साहित्य के क्षेत्र में योगदान एवं गायन विधा के लिए 'अवध नव उदय साहित्यिक एवं सांस्कृतिक सम्मान–2026' हेतु किया गया है। इस उपलब्धि पर राजेश श्रीवास्तव ने कहा कि साहित्य और संस्कृति समाज को जोड़ने तथा नई पीढ़ी को अपनी भारतीय परंपराओं से परिचित कराने का सशक्त माध्यम हैं। उन्होंने इस सम्मान के लिए नव उदय पब्लिकेशन के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह सम्मान उनके लिए ही नहीं, बल्कि गुना जिले और मध्यप्रदेश के लिए भी गौरव का विषय है। राजेश श्रीवास्तव एवं नीलम श्रीवास्तव के चयन पर परिवारजनों, साहित्यकारों, सामाजिक संगठनों एवं कायस्थ समाज के पदाधिकारियों ने हर्ष व्यक्त करते हुए उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। 27 दिसंबर को लखनऊ में आयोजित होने वाले इस सम्मान समारोह में दोनों की गरिमामय उपस्थिति रहेगी।

नाग पंचमी पर हजारेश्वर महादेव मंदिर में किया गया रुद्राभिषेक



हरिभूमि न्यूज ⏭ राघौगढ़

गोंड मोहल्ला आरोन में जून माह में स्थापित श्री हजारेश्वर महादेव मंदिर में नाग पंचमी के पावन अवसर पर विधि-विधानपूर्वक रुद्राभिषेक किया गया। रुद्राभिषेक पंडित रामदयाल शास्त्री के सानिध्य में संपन्न हुआ। इस अवसर पर आश्रम के महंत श्री खड़ेश्वरी महाराज एवं यजमान राम बली रघुवंशी, विद्युत ठेकेदार शिवकुमार रघुवंशी, व्यवसायी धर्मवीर सिंह रघुवंशी, शिक्षक लक्ष्मण सिंह यादव, झझौन सरपंच सहित अनेक श्रद्धालु उपस्थित रहे। श्रद्धालुओं ने भगवान हजारेश्वर महादेव का अभिषेक कर क्षेत्र में सुख-समृद्धि, शांति एवं खुशहाली की कामना की। मंदिर परिसर में पूरे श्रद्धा एवं भक्तिभाव का वातावरण रहा। नाग पंचमी के अवसर पर श्रद्धालुओं ने भगवान शिव एवं नाग देवता की पूजा-अर्चना कर आशीर्वाद प्राप्त किया।

नेतृत्व के लिए होना चाहिए आवश्यक गुण

हर क्षेत्र में नेतृत्व करने के लिए आवश्यक गुण होना चाहिए, राघौगढ़ में मुनि संघ के पावन सानिध्य में पारसनाथ निर्माण दिवस धर्म प्रभावना से मनाया

राघौगढ़। विद्या समय रत्न, बुंदेली महाकवि औजस्वी वक्ता मुनि श्रमण सागर जी महाराज ने श्रमण धारा प्रवचन माला के अंतर्गत प्रवचन करते हुए कहा नेतृत्व करने या मुखिया बनने के लिए आवश्यक गुण होना चाहिए तब ही यह जिम्मेदारी मिलेगी। आपने कहा रोटी बनाने के लिए आटे की आवश्यकता होती है। रेत या सीमेंट से रोटी नहीं बन सकती। मुनि श्रमण सागर जी महाराज ने कहा नेतृत्व करने के लिए तीन गुण आवश्यक हैं पहला वसुधैव कुटुंबकम वह व्यक्ति यह माने कि सारी दुनिया मेरा परिवार है। राष्ट्र, राज्य एवं परिवार की संपत्ति को अपनी मानकर रक्षा करने का संकल्प होना चाहिए।

हाईरिस्क प्रसूताओं के लिए किया रक्तदान

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर





गर्भवती महिलाओं में खून की कमी के मामले लगातार सामने आ रहे हैं हाल ही में मुंगावली एवं चंदेरी से दो हाईरिस्क प्रसूताओं को जिला चिकित्सालय अशोकनगर रैफर किया गया। दोनों ही प्रसुताओं में खून की कमी दोनों का हीमोग्लोबिन मात्र 3 के आसपास था दोनों के ही ब्लड ग्रुप ए बी पॉजिटिव थे जो बहुत कम मिलते हैं ऐसी स्थिति में ब्लड हेल्प ग्रुप सदस्यों ने इन प्रसूताओं के लिए रक्तदान किए जिसमें चंदेरी के कुरमासा निवासी प्रसूता उर्मिला आदिवासी को पुनीत शर्मा,नंदू शर्मा ने ए बी पॉजिटिव रक्तदान किए जबकि मुंगावली के लपटोरा निवासी प्रसूता रतिबाई आदिवासी के लिए पंकज बारी,निशांत गुप्ता ने ए बी पॉजिटिव रक्तदान किया इनके अलावा ग्रुप के दो दर्जन से अधिक सदस्यों ने सरकारी एवं निजी अस्पतालों में भर्ती मरीजों के लिए अन्य ब्लड ग्रुप के रक्तदान किया।

'एक पेड़ माँ के नाम' अभियान के तहत वनस्पति विभाग ने लगाए सजावटी एवं औषधीय पौधे

अशोकनगर। वनस्पति विज्ञान विभाग द्वारा पर्यावरण संरक्षण एवं हरित परिसर के उद्देश्य से 'एक पेड़ माँ के नाम' अभियान के अंतर्गत विभिन्न प्रकार के सजावटी एवं औषधीय पौधों का रोपण किया गया। कार्यक्रम का आयोजन इको क्लब के सहयोग से किया गया। कार्यक्रम में महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. रेणु राजेश ने पौधा रोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि वृक्ष हमारे जीवन का आधार हैं तथा प्रत्येक व्यक्ति को अपने जीवन में कम से कम एक पौधा लगाकर उसकी नियमित देखभाल करनी चाहिए। इस अवसर पर वनस्पति विभाग की प्राची जैन, डॉ. अनसिंह चैहान एवं प्रवीण कौशिक सहित 42 विद्यार्थी उपस्थित रहे। विभाग द्वारा परिसर में विभिन्न सजावटी एवं औषधीय पौधों का रोपण किया गया तथा पौधों के संरक्षण एवं संवर्धन का संकल्प लिया गया। कार्यक्रम में उपस्थित सदस्यों ने विद्यार्थियों को पौधों के पर्यावरणीय एवं औषधीय महत्व की जानकारी देते हुए अधिक से अधिक पौधे लगाने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम का उद्देश्य परिसर को हरा-भरा बनाने के साथ-साथ विद्यार्थियों में पर्यावरण संरक्षण, जैव विविधता एवं पौधों के प्रति जागरूकता विकसित करना रहा।





पिपरई में नशा मुक्ति प्रतिज्ञा महा अभियान का शुभारंभ

पिपरई। नगर में 10 करोड़ नशा मुक्ति महा अभियान के अंतर्गत नशा मुक्ति प्रतिज्ञा महा अभियान का शुभारंभ किया गया। यह अभियान 6 अगस्त से 20 अगस्त 2026 तक चलाया जा रहा है। अभियान के दौरान ब्रह्माकुमारी किरण दीदी जी एवं ब्रह्माकुमारी सुधा बहन जी द्वारा पिपरई नगर के विभिन्न शिक्षण संस्थानों एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में पहुंचकर छात्रों एवं नगरवासियों को नशे के दुष्प्रभावों के बारे में जानकारी दी गई।

जर्जर भवन ढहाया, शांतिनाथ मंदिर के पास नपा की कार्रवाई


हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर



नगर पालिका परिषद अशोकनगर द्वारा जनसुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए वार्ड क्रमांक 20 (शांतिनाथ मंदिर के पास) स्थित बाबू खान के अति-क्षतिग्रस्त एवं जर्जर भवन को ध्वस्त करने की कार्रवाई की गई।


मुख्य नगर पालिका अधिकारी विनोद उन्तिान के स्पष्ट निर्देशों पर नगर पालिका की अतिक्रमण रोधी टीम ने मौके पर पहुँचकर इस जर्जर संरचना को गिराया। जीव-जंतुओं की मौजूदगी और सुरक्षा खतरे के चलते लिया गया निर्णय। उक्त भवन लंबे समय से अत्यंत जर्जर स्थिति में था, जिससे आसपास के रहवासियों और राहगीरों के लिए गंभीर दुर्घटना का अंदेशा बना हुआ था। हाल ही में इस भवन के भीतर विषैले जीव-जंतुओं की मौजूदगी की सूचना प्राप्त हुई थी।

आदिवासी बस्ती में तहसीलदार ने बच्चों को बांटे नए कपड़े और सामग्री



अशोकनगर। नईसराय तहसीलदार शंभू सिंह मीणा ने संवेदनशीलता का परिचय देते हुए नई सराय तहसील के अमरौद बद्दू और अमरौद सद्दू गांव की आदिवासी बस्तियों में पहुंचकर बच्चों को नए कपड़े और बिस्किट के पैकेट वितरित किए इस दौरान उन्होंने आदिवासी परिवारों से चर्चा कर उनकी समस्याएं भी जानीं और शासन की योजनाओं का लाभ दिलाने का भरोसा दिया। नर सेवा ही नारायण सेवा अभियान से जुड़े नई सराय निवासी विवेक भार्गव ने बताया की नईसराय क्षेत्र में बड़ी संख्या में आदिवासी परिवार निवास करते हैं इनमें कई परिवार आज भी मुख्यधारा से जुड़ाव की कमी महसूस करते हैं ऐसे परिवारों तक प्रशासन और समाज को संवेदनशील पहल पहुंचना जरूरी है मंगलवार शाम तहसीलदार शंभू सिंह मीणा अमरौद बद्दू और अमरौद सद्दू की आदिवासी बस्तियों में पहुंचे यहां उन्होंने बच्चों को नए कपड़े और बिस्किट भेंट किया बच्चों के साथ समय बिताने के साथ ही उन्होंने उनके परिजनों से बातचीत कर रोजमर्रा की परेशानियां और शासकीय योजनाओं से संबंधित स्थिति की जानकारी भी ली।

मनसा पूर्ण बालाजी मंदिर में शिव महाभिषेक एवं मंत्र जाप का आयोजन



पिपरई। नगर स्थित मनसा पूर्ण बालाजी मंदिर राम-जानकी दरबार में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी पूरे श्रावण मास के पावन अवसर पर धार्मिक आयोजन किया जा रहा है। यह आयोजन महंत श्री हरि ओम महाराज के सानिध्य में श्रद्धा एवं भक्ति भाव के साथ संपन्न हो रहा है। प्रतिदिन प्रातः 8 बजे से दोपहर 12 बजे तक शिव महाभिषेक एवं "ओम नमः शिवाय, हर-हर भोले,नमः शिवाय मंत्र का संगीतमय जाप किया जाता है। इस दौरान श्रद्धालु भगवान भोलेनाथ की आराधना कर सुख, शांति एवं समृद्धि की कामना करते हैं। आयोजन में संगीत मंडली द्वारा भक्तिमय वातावरण बनाया जा रहा है, जिसमें तुलसीराम विश्वकर्मा (हारमोनियम), तुलसीराम राय (शिक्षक), मूलचंद पाल (ढोलक), अनिल सोनी एवं बालक दास महाराज सहित समस्त नगरवासी अपनी सहभागिता निभा रहे हैं। श्रावण मास के इस पावन आयोजन में नगर के श्रद्धालु बड़ी संख्या में उपस्थित होकर भगवान शिव की भक्ति में लीन हो रहे हैं। मंदिर परिसर में प्रतिदिन भक्ति, संगीत और मंत्र जाप से आध्यात्मिक वातावरण बना हुआ है।

महिलाएं पारंपरिक परिधानों में शामिल हुईं

अग्रवाल समाज ने तीज मिलन समारोह का आयोजन किया

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर



अग्रवाल समाज द्वारा हरियाली तीज के पावन अवसर पर हर्षोल्लास एवं उत्साह के साथ तीज मिलन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में महिलाओं ने पारंपरिक परिधानों में सज-धजकर भाग लिया और झूले, नृत्य एवं विभिन्न मनोरंजक गतिविधियों का जमकर आनंद लिया। कार्यक्रम के दौरान तीज के पारंपरिक गीतों और संगीत पर महिलाओं ने उत्साहपूर्वक नृत्य किया। झूले का आनंद लेने के साथ-साथ विभिन्न खेल एवं मनोरंजक प्रतियोगिताएं भी आयोजित की गईं, जिससे पूरा माहौल उल्लास और उमंग से भर गया। सभी महिलाओं ने मिल-जुलकर तीज पर्व की खुशियां साझा कीं और कार्यक्रम को यादगार बनाया। आयोजकों ने बताया कि ऐसे आयोजन समाज की महिलाओं को एक-दूसरे से जुड़ने, अपनी संस्कृति एवं परंपराओं को सहेजने और आपसी प्रेम-सौहार्द को मजबूत करने का अवसर प्रदान करते हैं। कार्यक्रम के अंत में सभी ने स्वादिष्ट व्यंजनों का आनंद लिया।

नियमों का उल्लंघन कर चला रहे हैं वाहन

राजपुर। प्राईवेट स्कूलों की मनमानी टेक्सी चालक वेन चालक बेपरवाह बने हुए हैं। छात्र छात्राओं की जान जोखिम में डालकर उन्हें वाहन में ठूस ठूस कर ले जाया जा रहा है। इन वाहन चालकों द्वारा नियमों का खुलेआम उल्लंघन किया जा रहा है, स्कूल संचालक कमाई में लगे हैं, लेकिन जो वाहन दौर रहे हैं, उनकी फिटनेस, वाहनों के लायसेंस आदि की जांच करने वाला कोई नहीं है। जिससे छात्र छात्राओं की जान को खतरा बना हुआ है, बच्चों के अभिभावकों की मजबूरी है वह अपने बच्चों को इन वाहनों से भेज रहे हैं। नियम के अनुसार टेक्सी और वेन में छात्र छात्राओं को निर्धारित संख्या के अनुसार ले जाना चाहिए, लेकिन ऐसा नहीं हो रहा है। राजपुर कस्बे में एक दर्जन से अधिक स्कूल हों चुकें हैं राजपुर पुलिस चौकी प्रभारी कों भी ध्यान देकर सभी प्राइवेट स्कूल वालों एवं टेक्सी चालकों वेन चालक वस चालकों सभी की जांच कर कार्यवाही की जाना चाहिए।

जीरो लार्वा अभियान के तहत किया जा रहा है लार्वा सर्वे

मच्छरों के संभावित प्रजनन स्थलों पर किया बीटीआई दवा का छिड़काव

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर



जिले में मलेरिया, डेंगु एंव अन्य वैक्टरजनित रोगों की रोकथाम एंव नियंत्रण के लिए मुख्य चिकित्सा एंव स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अलका त्रिवेदी के निर्देशन में शहरी एंव ग्रामीण क्षेत्रों में लगातार सघन गतिविधियां संचालित की जा रही है।

स्वास्थ्य विभाग की टीमों द्वारा घर घर लार्वा सर्वे, लार्वा नष्टीकरण, रैपिड फीवर सर्वे, रक्त जॉच एंव जन जागरूकता हेतु अभियान चलाया जा रहा है। मंगलवार को जिला मलेरिया सलाहकार यशवंत रघुवंशी द्वारा मलेरिया, डेंगू एवं चिकुनगुनिया की रोकथाम हेतु विकासखण्ड मुगावंली, पी. एच. सी. बहादुरपुर और अथाईखेडा में प्रतिबंधात्मक कार्यवाही की गई।जलभराव वाले स्थानों पर बीटीआई दवाई डाली गई। साथ ही नगरवासियों को स्वस्छता के बारे में समझाईश दी गई। इस दौरान बताया कि अपने घरो के आस-पास जल भराव न होने दें।

अभियान के अन्तर्गत जिला स्तरीय कार्यकम का आयोजन आज

अशोकनगर। संत शिरामणि रविदास जी की 650वीं की जयंती के अवसर पर श्री गुरु रविदास महाराज समरसता संकल्प अभियान के अन्तर्गत जिला स्तरीय कार्यकम 20 अगस्त को सुबह 11 बजे जनपद पंचायत भवन अशोकनगर में होगा। कार्यक्रम में संत रविदास के जीवन, विचारों एवं सामाजिक समरसता के संदेश पर मंथन होगा। आयोजन में सामाजिक एकता, समानता एवं भाईचारे की भावना को मजबूत करने का संदेश दिया जायेगा। कार्यक्रम में सामाजिक बंधुओं, जन प्रतिनिधियों तथा जिले के अधिकारी कर्मचारियों को आमंत्रित किया गया है। संत रविदास जी ने समानता, मानवता और समरसता का संदेश दिया उनकी 650 वीं जयंती पर आयोजित कार्यकम उनके विचारों को स्मरण करने तथा मानवीय एकता एवं समरसता की भावना को मजबूत करने का अवसर होगा।

खाद्य सुरक्षा प्रशासन ने लिए दूध घी और मिठाईयों के नमूने

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर



मंगलवार को खाद्य सुरक्षा प्रशासन की टीम के द्वारा मुंगावली स्थित डेयरी तथा मिठाईयों की दुकानों मे सघन जांच कार्यवाही की गई। निरीक्षण के दौरान नगर पालिका मैदान के पास संचालित राधा रानी दूध डेयरी से पनीर तथा घी, बस स्टेण्ड स्थित विनोद होटल से मावा बर्फी, बेसन लड्डू, प्रकाश होटल से मलाई बर्फी, बेसन लड्डू, यूज्ड कुकिंग ऑईल तथा पेडा और स्टेशन रोड स्थित कैलाश होटल से मावा, मावा बर्फी तथा मलाई टिकिया के नमूने जांच हेतु लिये जाकर राज्य शासन द्वारा अधिकृत प्रयोगशाला में जांच हेतु भेजे गये है।

निरीक्षण के दौरान खाद्य सुरक्षा अधिकारी द्वारा दुकानदारों को दुकानों में पर्याप्त साफ सफाई रखने, खाद्य पदार्थों को ढंक कर बेचे जाने एवं अखबारों में भोजन सामग्री को न दिये जाने के संबंध में निर्देश जारी करते हुये नियमों का पालन नहीं किये जाने पर कडी कार्यवाही किये जाने के संबंध में सूचित किया तथा प्रकाश होटल में बदबूयुक्त मिठाईयों के पाये जाने पर लगभग 10 किग्रा मिठाईयो का मौके पर ही विनष्टीकरण कराया गया।

खबर संक्षेप

दुर्ग-अजमेर ट्रेन में अज्ञात बुजुर्ग की मौत

शाढ़ौरा। दुर्ग से अजमेर जा रही ट्रेन में एक बुजुर्ग यात्री की अचानक मौत हो गई। उनका शव अशोकनगर रेलवे स्टेशन पर उतारा गया। मृतक की पहचान नहीं हो पाई है क्योंकि उनके पास कोई टिकट या पहचान संबंधी दस्तावेज नहीं मिले। यह घटना बुधवार सुबह करीब 6 बजे हुई,जब ट्रेन अशोकनगर रेलवे स्टेशन पहुंची। यात्रियों ने ट्रेन के पीछे के जनरल डिब्बे में बाथरूम के पास एक शव पड़ा देखा। उन्होंने इसकी सूचना ट्रेन के गार्ड को दी, जिसने आगे अशोकनगर रेलवे स्टेशन अधिकारियों को सूचित किया। सूचना मिलने पर जीआरपी पुलिस ने शव को ट्रेन से नीचे उतारा। तलाशी के दौरान मृतक के पास से कोई दस्तावेज नहीं मिला,जिससे उनकी पहचान स्थापित नहीं हो सकी। फिलहाल,शव को जिला अस्पताल के पोस्टमार्टम गृह में रखवा दिया गया है, और पुलिस उसकी शिनाख्त का प्रयास कर रही है। मृतक की उम्र लगभग 50 वर्ष बताई जा रही है। पुलिस ने शव की जांच की है और शरीर पर किसी तरह के चोट के निशान नहीं मिले हैं।

समितियों का प्रशिक्षण सह कार्यशाला आयोजित

अशोकनगर। मध्यप्रदेश शासन के नवीन एवं नवकरणीय ऊर्जा मंत्री एवं जिले के प्रभारी मंत्री राकेश शुक्ला की अध्यक्षता में गठित विभागीय समितियों में नामांकित अशासकीय सदस्यों का प्रशिक्षण सह कार्यशाला का आयोजन कलेक्टर साकेत मालवीय की अध्यक्षता में बुधवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में किया गया। बैठक में कलेक्टर ने कहा कि विभागीय समितियों में नामांकित अशासकीय सदस्यों की भूमिका काफी महत्वपूर्ण है। समितियों का उद्देश्य शासन की योजनाओं एवं कार्यक्रमों को प्रभावी ढंग से आमजन तक पहुंचाने के साथ-साथ जनहित से जुड़े विषयों पर सुझाव एवं मार्गदर्शन प्राप्त करना है। उन्होंने कहा कि सभी सदस्य अपने दायित्वों को समझते हुए सक्रियता एवं जिम्मेदारी के साथ कार्य करें,जिससे समितियों के कार्यो के माध्यम से जिले के विकास को नई दिशा मिले। उन्होंने कहा कि शासन द्वारा विभिन्न विभागों में गठित समितियों में जनप्रतिनिधियों एवं समाज के विभिन्न वर्गो से जुड़े लोगों को शामिल किया गया है। इन समितियों के माध्यम से विभागीय योजनाओं के क्रियान्वयन की जमीनी स्थिति की जानकारी प्राप्त करने आमजन की समस्याओं को सामने लाने तथा आवश्यक सुधार के लिए सुझाव देने में सहायता मिलेगी। उन्होंने सभी नामांकित सदस्यों से अपेक्षा की है कि वे अपने अनुभव और जन सरोकारों से जुडे.सुझावों को समिति के समक्ष रखें। इस अवसर पर संबंधित विभागों उद्यानिकी,खाद्य आपूर्ति, खेल, जेल, पशुपालन, ऊर्जा, स्वास्थ्य,शिक्षा,जिला पंजीयक,जिला योजना एवं सांख्यिकी, महिला एवं बाल विकास,अनुसूचित जाति जनजाति कार्य विभाग द्वारा समितियों के गठन, उद्देश्यों, कार्यक्षेत्र, सदस्यों के दायित्वों एवं शासन द्वारा निर्धारित दिशा निर्देशों की जानकारी दी गई। इस अवसर पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अंतर सिंह कनेश, संयुक्त कलेक्टर आर.बी.सिण्डोस्कर, विभिन्न समितियों के मनोनीत सदस्य एवं संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत की सदस्यता बैठक संपन्न

अशोकनगर। अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत की सदस्यता एवं जागरूकता अभियान को लेकर बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिले की सभी तहसीलों में आगामी एक माह के भीतर पहुंचकर ग्राहक जागरूकता एवं सदस्यता अभियान चलाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया। बैठक में प्रदेश उपाध्यक्ष एवं जिला प्रभारी अनिल श्रीवास्तव, जिला संयोजक राजेंद्र सिंह सोलंकी, सह-संयोजक चंद्र मोहन सोनी एवं इंद्र भूषण श्रीवास्तव सहित संगठन के पदाधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में संगठन के विस्तार, अधिक से अधिक ग्राहकों को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करने तथा जिले की सभी तहसीलों में सदस्यता अभियान को प्रभावी रूप से संचालित करने पर चर्चा की गई।

परेशान हो रही जनता को राहत मिलने की उम्मीद

रेल विभाग ने आज से ट्रेन का समय परिवर्तित करने का निर्णय लिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

रूठियाई बीना मेमू ट्रेन शुरू तो हुई लेकिन समस्याओं के साथ प्रारम्भ हुई। पहले ट्रेन की मांग को लेकर संघर्ष करना पड़ा, जब ट्रेन की शुरूआत हुई तब समय को लेकर असमंजस की स्थिति पैदा हो गई। जनता ने आवाज उठाई जनता की आवाज को हरिभूमि ने प्रमुखता से प्रकाशित किया, जिसके बाद वुधवार को रेल विभाग द्वारा नोटिफिकेशन जारी कर 20 अगस्त से इस ट्रेन को जारी की गई समय सारिणी के आधार पर चलाने का निर्णय लिया गया, अब जनता ने राहत की सांस ली है।

क्षेत्र की आम जनता की मांग पर रेल मंत्रालय द्वारा दूसरे फेरे में प्रारंभ की गई बीना रुठियाई मेमू ट्रेन नंबर 61626 जिसका रुठियाई से चलने का समय रात्रि 8 बजे निर्धारित किया गया था ,यह समय इंदौर कोटा ट्रेन की कनेक्टिविटी नहीं बना रहा था जिस पर क्षेत्रीय जनता द्वारा महाप्रबंधक पश्चिम मध्य रेलवे जबलपुर एवं रेल मंत्रालय को इस संबंध में पत्र कार्रवाई की गई थी, इसके पश्चात रेलवे बोर्ड द्वारा दिनांक 10 अगस्त 2026 को इसके समय परिवर्तन का आदेश जारी कर दिया गया था और इसे रात्रि 8.30 बजे संचालित किए जाने हेतु अनुमति प्रदान करती थी।



20 अगस्त से बदले हुए समय पर चलेगी ट्रेन

परंतु पश्चिम मध्य रेलवे के अधिकारियों द्वारा इस पर तुरंत कार्रवाई नहीं की गई जिस पर क्षेत्रीय जनता के द्वारा उन्हें मांग उठाई गई, जिस पर तुरंत संज्ञान लेकर महाप्रबंधक पश्चिम मध्य रेलवे मुख्यालय जबलपुर के कार्यालय द्वारा आज दिनांक 19 अगस्त को नोटिफिकेशन जारी कर दिया गया है, यह नोटिफिकेशन पश्चिम मध्य रेलवे मुख्यालय जबलपुर में परिचालन विभाग के अधिकारी नवनीत राज के हस्ताक्षर से जारी किया गया है और इसमें स्पष्ट उल्लेखित किया गया है कि दिनांक 20 अगस्त 2026 से मेमू ट्रेन संख्या 61626 रुठियाई से प्रतिदिन रात्रि 8.30 रवाना होगी।

अब ऑनलाईन भी ट्रेन का समय बदला हुआ नजर आएगा

तत्संबंध में समुचित कार्रवाई की जा रही है, वेबसाइट आदि पर भी इस नोटिफिकेशन के माध्यम से समय परिवर्तित किया जा रहा है जिसको यात्रीगण अपने मोबाइल में देख पाएंगे और अपनी यात्रा प्लान कर पाएंगे।

इन्दौर से आने वाले यात्री रूठियाई में हो रहे थे परेशान

खबर का असर

काफी दिनों से जो असुविधा यात्रियों को हो रही थी और वह इंदौर से यात्रा का प्लान समय परिवर्तित न होने से नहीं कर पा रहे थे वह सभी यात्री अब सुविधाजनक तरीके से इंदौर कोटा ट्रेन के माध्यम से गुना, अशोकनगर, मुंगावली और बीना तक अपनी यात्रा कर सकेंगे यह असमंजस अब दूर हो गया है। ज्ञात हो कि केन्द्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया द्वारा 27 जून को रूठियाई से बीना चनले वाली इस ट्रेन को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया गया था। तब से यह ट्रेन आज तक पुराने समय पर ही चलती आ रही थी, जब शुरू किया गया उस समय ट्रेन का समय बदला जाता तो जनता परेशान नहीं होती, अशोकनगर में जब केन्द्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया आए थे तब उन्होंने कहा था कि वह स्वयं इस ट्रेन को लेकर फॉलो कर रहे हैं, जल्द ही ट्रेन का समय बदला जाएगा।

बड़ी संख्या में महिलाएं हुईं शामिल

विश्व मांगल्य सभा के तत्वाधान में हुआ पार्थिव शिवलिंग पूजन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

विश्व माँगल्य सभा अशोक नगर के तत्वाधान में सावन के तृतीय सोमवार को ईसागढ़ में पार्थिव शिवलिंग निर्माण का धार्मिक आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम जन प्रतिनिधि परिवार की मातृशक्ति जिला अध्यक्ष नंदिता द्विवेदी के संयोजन में उनके निज निवास पर आयोजित किया गया।

इस अवसर पर पार्थिव शिवलिंग का निर्माण कर विधि विधान से पूजन अर्चन किया गया,पूजन के पश्चात पांच स्त्रोतों का सामूहिक पाठ रुद्राष्टक शिव मानस पूजा लिंगाष्टक द्वादश ज्योतिर्लिंग स्तोत्र एवं शिव पंचाक्षर स्त्रोत शामिल थे इसके साथ ही भगवान शिव के 108 नाम के साथ शिव अर्चन भी किया गया पूरे परिसर में ओम नमः शिवाय और हर हर महादेव के जयकारों से वातावरण शिवमय हो गया कार्यक्रम में विश्व माँगल्य सभा अशोक नगर की कार्यकारिणी के साथ विश्व माँगल्य सभा जन प्रतिनिधि परिवार की राष्ट्रीय संयोजिका डॉक्टर अनुराधा कृष्ण पाल सिंह यादव मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थिति रही। उनके साथ ही मध्य भारत प्रांत सहसंयोजी नैना शर्मा एवं जिला अध्यक्ष किरण अग्रवाल एवं ईसागढ़ से बड़ी संख्या में मातृ शक्ति उपस्थित रही।

इस अवसर पर कविता साहू ने बताया कि विश्व माँगल्य सभा द्वारा शहर के 11 शिवालयों में शिवार्चन का संकल्प लिया गया है इस संकल्प को आगे बढ़ते हुए अब ग्रामीण क्षेत्र एवं तहसील स्तर पर भी ऐसे कार्यक्रम करने का निर्णय लिया गया कार्यक्रम में उपस्थित सभी श्रद्धालुओं ने विश्व शांति राष्ट्र कल्याण एवं जन कल्याण के लिए प्रार्थना की एवं परिवार में संस्कारों की स्थापना का संकल्प लिया गया अंत में आरती एवं जय घोष के साथ प्रसाद का वितरण किया गया।

जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक

त्यौहारों को शांतिपूर्ण वातावरण में मनाने के संबंध में हुई चर्चा



हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक बुधवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में कलेक्टर साकेत मालवीय की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में माह अगस्त एवं आगामी माहों में आयोजित होने वाले विभिन्न धार्मिक एवं सामाजिक पर्वों तथा जयंती के दौरान जिले में शांति, कानून-व्यवस्था एवं आपसी सौहार्द बनाए रखने के संबंध में आवश्यक व्यवस्थाओं पर चर्चा की गई।

बैठक में आगामी ईद-ए-मिलादुन्नबी, रक्षाबंधन, श्रीकृष्ण जन्माष्टमी, गणेश चतुर्थी, विश्वकर्मा जयंती, डोल ग्यारस, अनंत चतुर्दशी, गांधी जयंती, सर्वपितृ मोक्ष अमावस्या, अग्रसेन जयंती, रामनवमी, दशहरा एवं महर्षि वाल्मीकि जयंती तथा पर्यूषण पर्व सहित विभिन्न पर्वों पर आवश्यक व्यवस्थाओं के संबंध में समीक्षा की गई। कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी त्यौहारों के दौरान आवश्यक सुरक्षा एवं कानून-व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। संवेदनशील क्षेत्रों में विशेष निगरानी रखी जाए तथा जुलूस, शोभायात्रा, चल समारोह एवं अन्य धार्मिक आयोजनों के दौरान यातायात व्यवस्था सुचारू बनाए रखने के लिए आवश्यक प्रबंध किए जाएं। बैठक में कलेक्टर ने कहा कि अशोकनगर जिले की पहचान आपसी भाईचारे, सद्भाव एवं सामाजिक समरसता के लिए है। सभी समुदायों के नागरिक मिल-जुलकर त्योहार मनाएं और जिले की शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण परंपरा को कायम रखें। बैठक में पुलिस अधीक्षक राजीव कुमार मिश्रा ने कहा कि जिले में सभी त्यौहार आपसी सामंजस्य एवं शांतिपूर्ण तरीके से मनाने की परम्परा है, इस परम्परा को आगामी त्यौहारों पर सभी के समन्वय से संपादित की जाए। सभी त्यौहारों पर सुरक्षा व्यवस्था के लिए पर्याप्त पुलिस की व्यवस्था सुनिश्चित की जायेगी।



मुंगावली में निकली विशाल चुनरी यात्रा, मां चामुंडा के जयकारों से गूंजा शहर

मुंगावली। धार्मिक आस्था और भक्ति के रंग में रंगे मुंगावली नगर में मंगलवार को विशाल चुनरी यात्रा निकाली गई। ग्वाल समाज मुंगावली के आयोजन में निकली यह चुनरी यात्रा मां चामुंडा माता मंदिर से करीलाधाम तक पहुंची यात्रा में श्रद्धालुओं ने उत्साह के साथ सहभागिता की और मां चामुंडा माता के जयकारों से वातावरण भक्तिमय हो गया। चुनरी यात्रा का आयोजन सुबह 7 बजे किया गया। यात्रा का प्रारंभ मुंगावली के घोसी मोहल्ला, वार्ड क्रमांक 13 स्थित मां चामुंडा माता मंदिर से हुआ। श्रद्धालु मां चामुंडा माता के प्रति अपनी श्रद्धा व्यक्त करते हुए चुनरी लेकर यात्रा में शामिल हुए। यात्रा का प्रमुख उद्देश्य धार्मिक आस्था,सामूहिक भक्ति और सामाजिक एकजुटता का संदेश देना रहा। यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह देखने को मिला। मां चामुंडा माता के जयकारों और धार्मिक वातावरण के बीच श्रद्धालु करीलाधाम की ओर रवाना हुए। आयोजन में ग्वाल समाज के साथ बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लेकर धार्मिक आयोजन को सफल बनाया आयोजकों की ओर से नगर के सभी श्रद्धालुओं को चुनरी यात्रा में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया गया था। यात्रा के माध्यम से समाज में धार्मिक एवं सांस्कृतिक परंपराओं को आगे बढ़ाने और लोगों को सामूहिक रूप से धार्मिक आयोजनों से जोड़ने का संदेश दिया गया। ग्वाल समाज, मुंगावली द्वारा आयोजित इस विशाल चुनरी यात्रा में श्रद्धालुओं की सहभागिता ने आयोजन को विशेष बना दिया।

स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता और व्यवस्थाओं को लेकर संभागीय संयुक्त संचालक ने किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

अशोकनगर जिले में संभागीय संयुक्त संचालक, ग्वालियर संभाग डॉ.बी.एस. सेठिया द्वारा स्वास्थ्य संस्थाओं का सघन निरीक्षण किया गया।सीएमएचओ डॉ अलका द्विवेदी के निर्देशन मै आज जिला अस्पताल अशोकनगर के साथ-साथ ब्लॉक शाढौरा एवं मुंगावली की स्वास्थ्य सेवाओं, टीकाकरण व्यवस्था, एसएनसीयू, एनआरसी, प्रयोगशाला एवं कोल्ड चेन व्यवस्थाओं का जायजा लिया तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

निरीक्षण की शुरुआत जिला अस्पताल अशोकनगर से हुई। यहां डॉ. सेठिया ने निर्माणाधीन नई ओटी का निरीक्षण कर निर्माण कार्य की प्रगति के संबंध में सिविल सर्जन डॉ. बी.एल. टैगोर से जानकारी ली तथा कार्य को निर्धारित गुणवत्ता एवं समय-सीमा में पूर्ण कराने के निर्देश दिए। इसके बाद उन्होंने एसएनसीयू का निरीक्षण किया। एसएनसीयू प्रभारी डॉ. सीमा चैधरी से वार्ड में संचालित विभिन्न उपकरणों, उनकी कार्यशीलता एवं रख-रखाव की जानकारी ली और आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। संभागीय संयुक्त संचालक ने जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ. जयकृत सिंह राजपूत के साथ ब्लॉक शाढौरा के परासरी एवं कजरई गांव में आयोजित टीकाकरण सत्रों का निरीक्षण किया। उन्होंने टीकाकरण सत्र की व्यवस्थाओं एवं लाभार्थियों को दी जा रही सेवाओं का जायजा लिया तथा शत-प्रतिशत टीकाकरण लक्ष्य प्राप्त करने के लिए प्रभावी माइक्रोप्लानिंग एवं सतत मॉनिटरिंग के निर्देश दिए।



इसके पश्चात सिविल अस्पताल मुंगावली में एनआरसी का निरीक्षण किया गया। यहां बच्चों की भर्ती एवं उपचार संबंधी जानकारी संबंधित एफडी से ली गई। निरीक्षण के दौरान बच्चों को दिए जाने वाले पोषण आहार एवं उपचार संबंधी विवरण एडमिशन कार्ड में दर्ज नहीं पाए जाने पर उन्होंने संबंधित एफडी को सभी आवश्यक जानकारियां रिकॉर्ड में नियमित रूप से दर्ज करने तथा अपना कार्य पूर्ण जिम्मेदारी से करने के निर्देश दिए। मुंगावली की प्रयोगशाला के निरीक्षण के दौरान टेस्ट कंट्रोल उपलब्ध नहीं होने की जानकारी सामने आई। इस पर डॉ. सेठिया ने साइंस को ऑर्डिनेटर को संबंधित वेंडर से समन्वय कर शीघ्र टेस्ट कंट्रोल की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए, ताकि प्रयोगशाला जांच सेवाएं सुचारू रूप से संचालित हो सकें।

निरीक्षण के दौरान जिला वैक्सीन स्टोर पहुंचकर कोल्ड चेन उपकरणों का भी जायजा लिया गया। संभागीय बायोमेडिकल वेस्ट इंजीनियर मनीष मिश्रा द्वारा आइएलआर एवं डीएफ सहित कोल्ड चेन उपकरणों के संचालन एवं रख-रखाव की जानकारी दी गई। डॉ. सेठिया ने सभी उपकरणों के उचित रख-रखाव, तापमान की नियमित निगरानी एवं कोल्ड चेन व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ. जयकृत सिंह राजपूत, टब्ड पंकज शर्मा एवं त्वड प्रियंका सोनी सहित संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। संभागीय संयुक्त संचालक ने निरीक्षण के दौरान स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता, रिकॉर्ड संधारण, उपकरणों के रख-रखाव एवं टीकाकरण कार्यक्रम में शत-प्रतिशत लक्ष्य प्राप्ति को प्राथमिकता देने पर विशेष जोर दिया।

जिला जेल में नशा न करने की शपथ दिलाई गई



अशोकनगर। प्रजापति ब्रह्मा कुमारी आश्रम के तत्वाधान में भारत सरकार द्वारा संचालित नशा मुक्ति अभियान को लेकर जिला जेल पर नशा न करने का शपथ कार्यक्रम रखा गया। जिसमें ब्रह्म कुमारी आश्रम से रानी दीदी ने सभी कैदी भाईयों एवं जेल स्टाप ने नशा न करने की और न ही अन्य लोगों को नशा न करने की शपथ दिलवाई गई। रामबाबू शर्मा ने नशा नाश की जड़ है के अनुसार नशा से होने वाले परिवार एवम् समाज के बीच आने वाले दुष्परिणाम के बारे में जानकारी दी गई। इस अवसर पर जिला जेल अधीक्षक ललित दीक्षित ने भी सभी कैदी भाईयों को समाझाईस देते हुए बताया कि अगर हम सबको अपने परिवार और बच्चों के उज्जवल भविष्य की कल्पना करना है तो निश्चित तौर पर नशा से छुटकारा पाना होगा। तभी हम आने वाली पीढ़ी को सुरक्षित रख पायेंगे। इस अवसर पर अशोक रघुवंशी, छोटु भैय्या सहित जैल स्टाप के गणमान्य सदस्य उपस्थित रहे। समापन पर सभी कैदी भाईयों को केला फल वितरित किए गए।

ग्राम बनयाई स्थित शासकीय चरनोई भूमि से हटाया अतिक्रमण



अशोकनगर। तहसील अशोकनगर के ग्राम बनयाई स्थित शासकीय भूमि सर्वे क्रमांक 182 रकवा 4.045 हे0(नोइयत चरनोई) भूमि पर अतिक्रमण किए जाने के प्रकरण में तहसीलदार न्यायालय अशोकनगर द्वारा कार्यवाही की गई। उक्त शासकीय भूमि सर्वे क्रमांक 182 रकवा 4.045 हे0 पर अनावेदक कैलाश कुशवाह द्वारा 0.314 हेक्टेयर तथा दशरथ कुशवाह द्वारा 0.250 हेक्टेयर, इस प्रकार कुल 0.564 हेक्टेयर भूमि पर फसल बोकर अतिक्रमण किया गया था। तहसीलदार अशोकनगर के आदेश के पालन में राजस्व अमले द्वारा बुधवार को मौके पर कार्यवाही करते हुए उक्त भूमि को अतिक्रमण से मुक्त कराया गया तथा शासकीय भूमि को पुनः शासकीय कब्जे में लिया गया। मुक्त कराई गई भूमि का अनुमानित बाजारू मूल्य लगभग 30 लाख रुपये है। प्रशासन द्वारा शासकीय भूमि पर किए गए अतिक्रमण के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई निरंतर जारी रखी जाएगी तथा शासकीय भूमि की सुरक्षा सुनिश्चित की जाएगी।

संकटों से जूझने की शक्ति चाहते हो तो भगवान पाश्र्वनाथ की उपसर्ग अवस्था का ध्यान करें

अशोकनगर। जैन दर्शन के 23वें तीर्थंकर चिंता मणि उपसर्ग विजेता भगवान पाश्र्वनाथ का निर्वाण कल्याणक पूरे जिले में भक्ति भाव के साथ श्रद्धा पूर्वक मनाया गया। मुख्य कार्यक्रम जिला मुख्यालय पर पारस नाथ जिनालय पछाड़ी खेड़ा रोड़ पर संत शिरोमणि आचार्य भगवंत गुरुवर श्री विद्यासागर जी महाराज के परम शिष्य मुनि श्री निरंजन सागर जी महाराज ससंघ के सान्निध्य में श्री दिगम्बर जैन पंचायत कमेटी के तत्वावधान में श्री पाश्र्वनाथ टस्ट कमेटी के संयोजक में भक्ति भाव पूर्वक मनाया गया।

मुख्य कार्यक्रम का शुभारंभ जैन समाज के मंत्री शैलेन्द्र श्रागर के मंगलाचरण के साथ हुआ जहां मंगलाष्टक के साथ भगवान की स्तुति करते हुए भगवान पाश्र्वनाथ स्वामी का महा मस्तिष्काभिषेक



किया इसके बाद परम पूज्य मुनिश्री निरंजन सागर जी महाराज ससंघ के सान्निध्य में जगत कल्याण की कामना करते हुए महा शान्ति धारा की गई इस दौरान भगवान की महा आराधना करते हुए भक्तो की जय जयकार के बीच निर्वाण लाडू समर्पित किया।

संकट आने पर भी पाश्र्वनाथ ने अपनी समता नहीं छोड़ी

इस दौरान मुनिश्री निरंजन सागर जी महाराज ने कहा कि संकट पर संकट किसी संत भगवंत के जीवन में आये तो वे थे पारसनाथ जिनके दस भव पूर्व से ही उनका खुद का भाई उनका दुश्मन वन गया और वह दस भवों तक पीछे पड़ा रहा तव प्रभु श्री पाश्र्वनाथ जी तपस्या में लीन थे तव भी उस दुष्ट कमड ने उपसर्ग करना प्रारंभ कर दिया और कहते हैं कि जव भगवान को केवल ज्ञान की प्राप्ति होते ही सारे संकट अपने आप दूर होते चले गए और वह दुष्ट कमड भी प्रभु चरणों में अपने जीवन को धन्य वनने के लिए बैठ गया संकटो से हमें कभी घवराना नहीं है उन्हें समता पूर्वक सहन करना सीखना होगा इस दौरान जैन समाज अध्यक्ष राकेश कासंल उपाध्यक्ष अजित वरोदिया प्रदीप तारई महामंत्री राकेश अमरोद कोषाध्यक्ष सुनील अखाई मंत्री शैलेन्द्र श्रागर मंत्री संजीव भारिल्य मीडिया प्रभारी अरविंद कचनार संजय के टी संयोजक मनोज रन्नौद सह संयोजक अंकित जैन सन्तूरा सहित अन्य प्रमुख जन विशेष रूप से उपस्थित थे।

उनके स्मारक पर पुष्प मालाएं की गईं अर्पित

संत गोस्वामी तुलसीदास जी की जयंती मनाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

तुलसी जयंती के अवसर पर श्रद्धालुओं ने श्रद्धा एवं भक्ति के साथ गोस्वामी तुलसीदास जी को नमन किया। श्रद्धालु तुलसीदास जी के स्मारक स्थल पर पहुंचे, जहां उन्होंने स्मारक पर पुष्पमालाएं अर्पित कर पूजा-अर्चना की और तुलसीदास जी के साहित्य एवं उनके आध्यात्मिक योगदान को स्मरण किया।


इस अवसर पर श्रद्धालुओं ने कहा कि गोस्वामी तुलसीदास जी ने अपनी रचनाओं के माध्यम से भारतीय संस्कृति, धर्म और आदर्श जीवन मूल्यों को जन-जन तक पहुंचाने का महान कार्य किया। उनकी अमर कृति रामचरितमानस आज भी समाज को मर्यादा, भक्ति, सत्य और सदाचार का मार्ग दिखाती है। श्रद्धालुओं ने तुलसीदास जी के बताए आदर्शों को जीवन में अपनाने का संकल्प लिया। पूजा-अर्चना के बाद श्रद्धालुओं ने स्मारक स्थल पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी।

सकल हिंदू समाज द्वारा भक्तिकाल के महान



रामभक्त कवि एवं रामचरितमानस के रचयिता गोस्वामी तुलसीदास की जयंती श्रद्धा एवं भक्तिभाव के साथ मनाई गई। इस अवसर पर तुलसीदास जी के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया गया।

कार्यक्रम में सकल हिंदू समाज के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. दीपक मिश्रा ने गोस्वामी तुलसीदास जी के जीवन एवं साहित्यिक योगदान पर प्रकाश डालते हुए कहा कि तुलसीदास जी ने भगवान श्रीराम की भक्ति और रामकथा को जन-जन तक पहुंचाने का महान कार्य किया। उन्होंने रामचरितमानस की रचना कर भगवान श्रीराम के आदर्शों, मर्यादा और जीवन मूल्यों को समाज के प्रत्येक वर्ग तक पहुंचाया। उन्होंने कहा कि तुलसीदास जी का जीवन संघर्ष, भक्ति और वैराग्य की प्रेरणादायी गाथा है। गुरु नरहरिदास से प्राप्त शिक्षा-दीक्षा और भगवान श्रीराम के प्रति उनकी अटूट भक्ति ने उन्हें महान संत-कवि के रूप में स्थापित किया। गोस्वामी तुलसीदास जी के बताए आदर्शों को अपने जीवन में अपनाने और सनातन संस्कृति एवं भगवान श्रीराम के आदर्शों को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया।



अतिरिक्त कक्षों का निरीक्षण किया

मंत्री टेटवाल ने छात्राओं को निशुल्क साइकिल वितरण की

हेल्थ केयर एवं ब्यूटी एंड वैलनेस की पुस्तकों का भी छात्राओं को वितरण किया गया।

हरिभूमि न्यूज ⏭ सारंगपुर

शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सारंगपुर में बुधवार को तकनीकी शिक्षा एवं कौशल विकास एवं रोजगार विभाग के राज्य मंत्री डॉ. गौतम टेटवाल के मुख्य आतिथ्य में कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान मंत्री ने विद्यालय की 32 छात्राओं को निःशुल्क साइकिल वितरित की। कार्यक्रम में जिले से 18 अगस्त को प्राप्त व्यावसायिक शिक्षा विषय की हेल्थ केयर एवं ब्यूटी एंड वैलनेस की पुस्तकों का भी छात्राओं को वितरण किया गया। इसके साथ ही मंत्री डॉ. टेटवाल ने विद्यालय परिसर में पौधरोपण किया तथा निर्माणाधीन अतिरिक्त कक्षों के निर्माण कार्य की गुणवत्ता का निरीक्षण किया।

कार्यक्रम में नगर पालिका अध्यक्ष पंकज पालीवाल,भाजपा नेता विष्णु पाटीदार,मंडल अध्यक्ष महेश पुष्पद सहित पार्षदगण एवं भाजपा पदाधिकारी उपस्थित रहे। वहीं विकासखंड शिक्षा अधिकारी सुरेश वीरमाल, विकासखंड स्त्रोत समन्वयक बीएल वर्मा एवं नायब तहसीलदार भी कार्यक्रम में मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन संजय नागर ने किया। प्राचार्य दिनेश गुप्ता ने आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर विद्यालय का समस्त स्टाफ एवं छात्राएं उपस्थित रहीं।

ग्राम पंचायतों की समीक्षा बैठक में कमियों और उदासीनता पर जताई नाराजगी

जिला पंचायत सीईओ का एक्शन, लापरवाही पर 5 पंचायत सचिव तत्काल प्रभाव से सस्पेंड



हरिभूमि न्यूज ⏭ राजगढ़

अधिकारियों की सतत मॉनिटरिंग के बावजूद जिले की विभिन्न ग्राम पंचायतों में पदस्थ अमला लापरवाहियों और कर्तव्य विमुखता से बाज नहीं आ रहा है।नरसिंहगढ़ ब्लॉक की पंचायतों की समीक्षा बैठक के दौरान विभिन्न तरह की लापरवाहियों और कर्मियों पर राजगढ़ जिला पंचायत सीईओ डॉक्टर इच्छित गढ़पाले का तल्ख रुक देखने मिला। उन्होंने पांच पंचायत सचिवों को तत्काल प्रभाव से सस्पेंड करने वहीं कुछ सचिवों व रोजगार सहायकों का वेतन काटने एवं अन्य पंचायत में अटैच करने के आदेश प्रदान किए हैं। समीक्षा के दौरान नरसिंहगढ़ की कई ग्राम पंचायतों में कर वसूली नहीं किए जाने तथा बैठक में संतोषजनक जवाब प्रस्तुत नहीं किए जाने सीईओ श्री गढ़पाले ने चंदूलाल देवड़ा, सचिव ग्राम पंचायत विजयगढ़, नारायण सिंह कुशवाह, ग्राम रोजगार सहायक ग्राम पंचायत विजयगढ़, अनूप गुर्जर, सचिव ग्राम पंचायत साका जागीर तथा निरंजन सिंह गुर्जर, ग्राम रोजगार सहायक ग्राम पंचायत साका जागीर का 3 दिवस का वेतन काटे जाने के आदेश दिए। वहीं मुकेश दांगी, ग्राम रोजगार सहायक ग्राम पंचायत पाडल्या बना को जनपद पंचायत नरसिंहगढ़ में अटैच किए जाने के आदेश दिए।

इन पांच कर्मचारियों पर गिरी निलंबन की गाज

बैठक से अनुपस्थित रहने पर कार्रवाई ग्राम पंचायत चारपुरा के ग्राम रोजगार सहायक धर्मेन्द्र विजयपुरिया के बिना पूर्व सूचना के समीक्षा बैठक में अनुपस्थित रहने पर उन्हें जनपद पंचायत नरसिंहगढ़ में संलग्न किए जाने के आदेश दिए गए। इसी प्रकार शिवनारायण झलावा, सचिव ग्राम पंचायत बूचाखेड़ी तथा ओम प्रकाश सेन, सचिव ग्राम पंचायत मवासा एवं अतिरिक्त प्रभार ग्राम पंचायत सराना के बिना पूर्व सूचना के बैठक में अनुपस्थित रहने तथा कर वसूली में अपेक्षित प्रगति नहीं किए जाने पर सस्पेंड कर दिया गया। इसी तरह समीक्षा के दौरान कर वसूली में लापरवाही एवं बैठक में संतोषजनक जवाब प्रस्तुत नहीं किए जाने पर रमेशचंद्र मालवीय, सचिव ग्राम पंचायत पाडल्याबना, चैनसिंह चैधरी, सचिव ग्राम पंचायत मानपिछोड़ी तथा गजेंद्र सिंह बैस, सचिव ग्राम पंचायत परसूखेड़ी को भी निलंबित कर दिया गया।

जो भी लापरवाही करेगा, उस पर लिया जाएगा एक्शन

बैठक में सीईओ श्री गढ़पाले ने स्पष्ट निर्देश दिए कि शासन की योजनाओं के क्रियान्वयन में किसी भी प्रकार की लापरवाही, अनुशासनहीनता अथवा कार्यों की गुणवत्ता से समझौता किसी भी स्थिति में स्वीकार नहीं किया जाएगा। उन्होंने सभी विभागीय अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निर्देशित किया कि वे अपने दायित्वों का निर्वहन पूर्ण जिम्मेदारी, गंभीरता एवं पारदर्शिता के साथ करें। उन्होंने कहा कि भविष्य में किसी भी कार्य में अनियमितता, लापरवाही अथवा निर्देशों की अवहेलना पाए जाने पर संबंधित अधिकारी-कर्मचारी के विरुद्ध नियमानुसार कठोर अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी।

विभिन्न योजनाओं, कार्यों की गहन समीक्षा

बैठक में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत नरसिंहगढ़, सहायक यंत्री, उपयंत्री, जनपद स्तरीय अधिकारी-कर्मचारी, ग्राम पंचायत सचिव एवं ग्राम रोजगार सहायक उपस्थित रहे। समीक्षा बैठक में वीबी-जी रामजी योजना अंतर्गत लेबर नियोजन, पूर्व में स्वीकृत कार्यों की पूर्णता, सीपरी पोर्टल पर कार्यों की प्लानिंग, पंचायतीराज अंतर्गत करारोपण एवं कर वसूली, आंगनबाड़ी भवनों, पंचायत भवनों तथा विद्युत देयकों के भुगतान की स्थिति की समीक्षा की गई। साथ ही प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत वर्ष 2025 के निर्धारित लक्ष्य के विरुद्ध जारी स्वीकृतियों की ग्राम पंचायतवार समीक्षा कर आवश्यक निर्देश दिए गए।

सड़क न बनने पर जताया आक्रोश

नगर पालिका गेट पर धरना देकर बैठे वार्ड-14 के बाशिंदे



हरिभूमि न्यूज ⏭ राजगढ़

दो साल पहले से स्वीकृत सड़क का निर्माण अभी तक शुरू नहीं के चलते वार्ड क्रमांक-14 के रहवासियों का गुस्सा बुधवार को फूट पड़ा। वार्ड के कई महिला, पुरुष सड़क की खस्ताहालत से परेशान होकर नगर पालिका गेट पर धरना देकर बैठ गए।

इस दौरान वार्ड पार्षद मोहित तंवर भी साथ थे जिन्होंने नगर पालिका प्रबंधन पर आरोप लगाए कि कांग्रेस समर्थित पार्षद होने के चलते उनके वार्ड में विकास कार्य नहीं करवाए जा रहे हैं। रहवासियों ने बताया कि वार्ड-14 में बाराद्वारी कॉलोनी में परेड ग्राउंड के पीछे से कायाकल्प योजना-2 के तहत सड़क दो साल पहले से स्वीकृत है। इसके बावजूद आज दिनांक तक सड़क निर्माण कार्य आरंभ नहीं करवाया गया है। ठेकेदार को टैंडर देने के बाद भी काम शुरू नहीं हो पा रहा है। सड़क की खस्ताहालत के चलते सैकड़ों लोगों को खासी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। सड़क की हालत बद से बदतर होने के कारण पैदल निकलना भी दुश्वार हो गया है। पार्षद तंवर सहित वार्ड के बाशिंदों ने नपा सीएमओ पवन अवस्थी से मांग रखी कि या तो सड़क का काम शुरू करवाया जाए या टैंडर निरस्त कर दूसरी एजेंसी/ठेकेदार को काम सौंपा जाए।

इंडियन सोशल ग्रुप द्वारा मस्कट में कवि सम्मेलन कल

विदेशी धरती पर गूंजेंगी पचोर के चेतन चर्चित की हिंदी कविताएं



हरिभूमि न्यूज ⏭ राजगढ़

जिले के पचोर से निकलकर हास्य विधाओं के मंच पर देशभर में पहचान बनाने वाले कवि चेतन चर्चित अब अंतरराष्ट्रीय मंच पर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करने जा रहे हैं। कल 21 अगस्त को ओमान की राजधानी मस्कट में आयोजित होने जा रहे कवि सम्मेलन में वे अपनी कविताओं, चुटीले व्यंग्यों से श्रोताओं को गुदगुदाएंगे। चेतन चर्चित का यह सफर पचोर से शुरू होकर देशभर के मंचों तक पहुंचा। वे अब तक देशभर में आयोजित 1000 से अधिक कवि सम्मेलनों में काव्यपाठ कर चुके हैं। हास्य कविता, चुटीले व्यंग्य और प्रभावी मंचीय प्रस्तुति उनकी पहचान बनी है। इससे पहले वे नेपाल और दुबई में भी अंतरराष्ट्रीय मंचों पर हिंदी कविता प्रस्तुत कर चुके हैं। राष्ट्रीय टेलीविजन के चर्चित कार्यक्रमों में भी चेतन चर्चित अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर चुके हैं। वे स्टार प्लस के लोकप्रिय कार्यक्रम 'द ग्रेट इंडियन लाफ्टर चैलेंज में शामिल हुए हैं। इसके अलावा 'वाह भाई वाह', 'कवि युद्ध' और 'हंसाने का मुखिया कौन' जैसे चर्चित काव्य कार्यक्रमों में भी उनकी प्रस्तुतियां हो चुकी हैं। काव्य एवं मंचीय क्षेत्र में योगदान के लिए चेतन चर्चित को युवा चकल्लस सम्मान, यूथ आइकॉन अवार्ड, वैश्य समाज गौरव सम्मान, दिलीप चंचल सम्मान, सर्वपल्ली राधाकृष्णन पुरस्कार और हास्य रत्न अलंकरण सहित कई सम्मानों से सम्मानित किया जा चुका है।

इंडियन सोशल ग्रुप हिंदी विंग करवा रहा है आयोजन

अब उनके सफर का एक और महत्वपूर्ण पढ़ाव 21 अगस्त को मस्कट में देखने को मिलेगा। इंडियन सोशल ग्रुप के हिंदी विंग द्वारा आयोजित कवि सम्मेलन में चेतन चर्चित अपनी हास्य कविताओं और व्यंग्य से श्रोताओं का मनोरंजन करेंगे। इस अवसर पर ओमान सल्तनत में भारत गणराज्य के राजदूत प्रशांत पिसे साहित्य और मंचीय क्षेत्र में उनके योगदान के लिए उन्हें सम्मानित करेंगे। मस्कट के मंच से वे विदेशी धरती पर हिंदी कविता और भारतीय साहित्य की खुशबू बिखेरने के साथ राजगढ़ जिले का गौरव भी बढ़ाएंगे।

महर्षि अरविंद की जयंती पर जिला स्तरीय ख्यानमाला आयोजित की



हरिभूमि न्यूज ⏭ राजगढ़

महर्षि अरविंद की जयंती पर जन अभियान परिषद द्वारा बुधवार को जिपं सभागृह में जिला स्तरीय व्याख्यानमाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में परिषद के वित्तीय सलाहकार एवं कार्यक्रम अध्यक्ष के रूप में धर्मेंद्र शर्मा उपस्थित रहे वहीं मुख्य वक्ता के रूप में एके शर्मा ने अपने विचार रखे।

अतिथियों एवं प्रतिभागियों ने महर्षि अरविंद के जीवन और उनके उच्च आदर्शों का स्मरण करते हुए उनके विचारों को वर्तमान समय में प्रासंगिक बताया। मुख्य वक्ता पूर्व प्राचार्य शर्मा कहा कि महर्षि अरविंद केवल एक महान स्वतंत्रता सेनानी ही नहीं बल्कि आध्यात्मिक चिंतक, दार्शनिक और राष्ट्रवादी विचारक भी थे। उन्होंने भारतीय संस्कृति, आध्यात्मिक चेतना और राष्ट्र निर्माण को लेकर महत्वपूर्ण विचार प्रस्तुत किए।

उनके अनुसार मनुष्य के सर्वांगीण विकास के साथ समाज और राष्ट्र की उन्नति भी आवश्यक है। मुख्य अतिथि धर्मेंद्र शर्मा ने महर्षि के व्यक्तित्व एवं कृतित्व को नमन करते हुए कहा कि उनके विचार भारतीय समाज के लिए प्रेरणादायी हैं। उन्होंने युवाओं से महर्षि अरविंद के जीवन और साहित्य का अध्ययन करने तथा उनके आदर्शों को अपने जीवन में आत्मसात करने का आह्वान किया।

बसपा की बैठक कालीपीठ में संपन्न

संगठन में किए गए महत्वपूर्ण बदलाव, कई नियुक्तियां की

हरिभूमि न्यूज ⏭ ब्यावरा

बहुजन समाज पार्टी के तत्वावधान में राजगढ़ विधानसभा क्षेत्र की महत्वपूर्ण बैठक कालीपीठ में आयोजित की गई। बैठक में पार्टी के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने संगठन को बूथ स्तर मजबूत करने तथा आमजन के मुद्दों को लेकर संघर्ष तेज करने का संकल्प लिया। बैठक के मुख्य अतिथि विद्याराम कौशल जॉन प्रभारी बसपा भोपाल ने कार्यकर्ताओं से कहा की संगठन को मजबूत करने अधिक से अधिक लोगों को पार्टी से जोड़ने और बहुजन समाज की आवाज को मजबूती से उठाने का वादा किया। जिलाध्यक्ष रघुवीरसिंह वर्मा ने जिले में गरीबों के साथ हो रहे अत्याचारों को लेकर जिला प्रशासन को दी चेतावनी।

उन्होंने इकलेरा थाना क्षेत्र के तलेंन में अहिरवार समाज युवक की गोली मारकर हत्या किए जाने की घटना को निंदनीय बताते हुए प्रशासन से ऐसी घटनाओं पर तत्काल रोक लगाने की मांग की। वर्मा ने कहा की यदि प्रशासन ने गरीब वर्ग के लोगों के साथ होने वाले अत्याचारों पर प्रभावी कार्रवाई नहीं की तो बहुजन समाज पार्टी आने वाले समय में उग्र आंदोलन करेगी।उन्होंने प्रशासन से कानून-व्यवस्था को लेकर गंभीरता से कदम उठाने की मांग की। बैठक के दौरान जिला महासचिव देशराजसिंह गोलिया एवं विधानसभा प्रभारी मोहन वर्मा सहित पार्टी के पदाधिकारियों की अनुशंसा पर संगठन की समीक्षा करते हुए महत्वपूर्ण



नियुक्तियां भी की गईं। इसमें मोरसिंह मेघवाल को राजगढ़ विधानसभा अध्यक्ष एवं रघुवीर सिंह मेघवाल को राजगढ़ विधानसभा प्रभारी बनाया गया। नवनियुक्त पदाधिकारियों को सभी ने बधाई देते हुए उम्मीद जताई कि वे संगठन को और मजबूत करेंगे। इस अवसर पर बहुजन समाज पार्टी राजगढ़ विधानसभा के सभी पदाधिकारी एवं बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

10वीं के 40, 12वीं के 48 विद्यार्थी शामिल

राठौर समाज ने 88 प्रतिभावान विद्यार्थियों का किया सम्मान



हरिभूमि न्यूज ⏭ कुरावर

क्षत्रिय राठौर समाज संगठन कुरावर के तत्वावधान में जिला स्तरीय प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित किया गया। समारोह में मध्यप्रदेश बोर्ड परीक्षा में कक्षा 10वीं एवं 12वीं में 70 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले राजगढ़ जिले के राठौर समाज के 88 प्रतिभावान छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया। इनमें कक्षा 10वीं के 40 एवं कक्षा 12वीं के 48 विद्यार्थी शामिल रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के पूजन-अर्चन एवं राष्ट्रवीर दुर्गादास जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण के साथ हुआ। इसके बाद सभी अतिथियों का पुष्पमाला पहनाकर स्वागत किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए राठौर समाज के जिलाध्यक्ष मनीष राठौर ने सभी प्रतिभावान विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की मंगलकामना की। उन्होंने कहा कि राठौर समाज ने शिक्षा सहित विभिन्न क्षेत्रों में निरंतर प्रगति की है। विद्यार्थियों को आगे भी पूरी लगन और मेहनत के साथ पढ़ाई करते हुए अपने माता-पिता, समाज और क्षेत्र का नाम रोशन करना चाहिए। समारोह में कुरावर के अलावा झाडला, बिसारती, झुमका, पखरी, खलेली, चंदरपुरा, बोड़ा सेमला, मुंडला बरोल, बीजोरी, माना, झड़कीया जागीर, खोकरा कलां, खारदोन सहित जिले के विभिन्न गांवों से बड़ी संख्या में समाजजन शामिल हुए।

कार्यक्रम में संयोजक राजू राठौर, कुरावर नगर अध्यक्षय नवीन राठौर, सेवानिवृत्त सैनिकय महामंत्री संजय राठौरय युवा प्रकोष्ठ नगर अध्यक्ष नीरज राठौरय चिरायु राठौरय ब्लॉक अध्यक्ष रमेश कुमार राठौर खलेलीय शिवचरण राठौर, सरपंच पखरीय बाबूलाल राठौर, संजय राठौर, रंगलाल राठौर, धूलजी राठौर, राजेश राठौर, राधेश्याम राठौर, जगदीश राठौर, गिरिजा शंकर राठौर, दिनेश राठौर, रामप्रसाद राठौर, महेश राठौर, भेरूलाल राठौर, जी.एल. राठौर, मोहन राठौर, तेजसिंह राठौर सहित बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित रहे।

जैसा हम कर्म करेंगे वैसा ही फल मिलेगा: भाईजी

हरिभूमि न्यूज ⏭ जीरापुर



प्रजापिता ब्रह्माकुमारीज ईश्वरीय विश्वविद्यालय जीरापुर सेवाकेन्द्र मे योग तपस्या भट्टी संपूर्णता की और बढ़ते कदम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य रूप से माऊण्ट आबू शान्तिवन से राजयोगी ब्रह्माकुमार भगवान भाईजी ज्ञान योग साधना कराने पहुंचे। संपूर्णता को प्राप्त करने के लिये आध्यात्मिक ज्ञान की गहराईयों में ले जाते हुए भाईजी ने कहा की कर्मों की गति महान है । जैसा हम करेंगे वैसा ही हमें मिलेगा।किसी को दुख देंगे तो दुख मिलेगा,सुख देंगे तो सुख मिलेगा। जैसी भावना हम दूसरों के लिए रखेंगे वैसी ही भावना हमें मिलेगी। उन्होने बताया की हमे व्यर्थ संकल्पों को खत्म करना है । परचिन्तन जैसी आदतों को खत्म करना है । भगवान को याद कर उनसे शक्तिया लेनी है । पॉजिटिव विचार करना है। निगेटिव को खत्म करना है। क्योंकि विचारों से ही शब्द,वृत्ति,व्यवहार,चरित्र, भाग्य बनता है। गलत सोच से ही तनाव होता है। तनाव से शक्ति खत्म होती है । गलत सोच से ही मन की ,तन की अनेकों बीमारियाँ होती है। हमे समर्थ संकल्प करना है तब हम निंदा,स्तुति,ग्लानि को डाईजेस्ट कर सकेंगे। मनोबल को मजबूत करने के लिए हमें नित्य अमृत वेले भगवान को याद करना है। जिससे आत्मा चार्ज हो सके। भाईजी ने कहा की जो भी होता है अच्छे के लिए ही होता है। यही गीता का भी सार है। तपस्या भट्टी का उद्घाटन राजयोगी ब्रह्माकुमार भगवान भाईजी, इंजीनियर जनपद अशोक गुर्जर, ब्रह्माकुमारी मधु दीदी, नम्रता दीदी ने दीप प्रज्वलन कर किया। ब्रह्माकुमारी नम्रता दीदी ने अतिथियों का स्वागत तिलक, चन्नी, पगड़ी के द्वारा स्वागत किया। मुस्कान ने अतिथियों के स्वागत में नृत्य प्रस्तुत किया। संस्था के भाई बहनों ने माउंट आबू से आए राजयोगी ब्रह्माकुमार भगवान भाईजी का फूलों के द्वारा स्वागत किया।

भैंस चोरी की घटनाओं से माचलपुर क्षेत्र में बढ़ी चिंता

हरिभूमि न्यूज ⏭ माचलपुर

स्थानीय थाना क्षेत्र में लगातार सामने आ रही भैंस चोरी सहित चोरियों की घटनाओं से ग्रामीणों और नगरवासियों में चिंता बढ़ गई है। तीन दिन पहले थाना क्षेत्र के ग्राम गोगटपुर से भैंस चोरी की घटना सामने आई थी। समय रहते घटना का पता चलने पर ग्रामीणों और पुलिस ने चोरों का पीछा किया। पीछा किए जाने पर चोर भैंसों से लदी गाड़ी छोड़कर मौके से फरार हो गए। इसके बाद गत रात्रि माचलपुर नगर में भी भैंस चोरी का प्रयास किए जाने का मामला सामने आया। जानकारी के अनुसार नगर निवासी राजेश पिता गोवर्धन कोठारी की भैंस चोरी करने का प्रयास किया गया। इसी दौरान मोहल्ले के लोगों के जाग जाने पर चोर मौके से भाग निकले और चोरी की घटना टल गई। लगातार सामने आ रही इन घटनाओं के बाद नगर और ग्रामीण क्षेत्र के लोगों में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर नाराजगी देखी जा



रही है। लोगों का कहना है कि यदि समय रहते ग्रामीण जागरूक नहीं होते तो चोर अपने मंसूबे में सफल हो सकते थे। नगर सहित क्षेत्रवासियों पुलिस से रात के समय गश्त बढ़ाने, पूर्व में हुई घटनाओं की जांच कर आरोपियों का पता लगाने और पशु चोरी की घटनाओं पर प्रभावी अंकुश लगाने की मांग की है। वहीं, लगातार हो रही घटनाओं को लेकर पुलिस की कार्यप्रणाली पर भी सवाल उठ रहे हैं। अब देखना होगा कि पुलिस इन घटनाओं को रोकने के लिए क्या प्रभावी कदम उठाती है।

बसों के स्टाफ को अग्निशमन यंत्र चलाने का प्रशिक्षण दिया

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजगढ़

परिवहन विभाग राजगढ़ द्वारा यात्री वाहनों, स्कूली बसों सहित अन्य वाहनों का चेकिंग अभियान लगातार जारी है। इसी कड़ी में आरटीओ ज्ञानेंद्र वैश्य के नेतृत्व में परिवहन विभाग की टीम द्वारा बुधवार को तलेन क्षेत्र में वाहनों की चेकिंग की गई। स्कूल बसों की चेकिंग के दौरान चालक, क्लीनर को आगजनी की स्थिति में उस पर नियंत्रण पाने अग्निशमन यंत्र के उपयोग के बारे में जानकारी दी गई। चौधरी टेवल्स की यात्री बस को चेक करने पर ड्राइवर वर्दी में न होने के चलते 1 हजार रुपए का जुर्माना लगाया गया। आदर्श पब्लिक स्कूल की बस में अग्निशमन यंत्र न होने साथ ही चालक के वर्दी में न होने के चलते 3 हजार रुपए का जुर्माना अधिरोपित किया गया। इसी तरह मास्टर माइंड स्कूल, तलेन की दो स्कूल बसों की चेकिंग में कमियां पाए जाने पर 5 हजार रुपए जुर्माना लगाने की कार्यवाही टीम द्वारा की गई। संस्कार कान्वेंट स्कूल की बस की जर्जर हालत के चलते फिटनेस निरस्त करते हुए 10 हजार रुपए का जुर्माना ठोका गया। सर्वोदय स्कूल की बसों की चेकिंग में कोई कमी नहीं पाई गई। बस के चालकों को फायर फाइटर सहित अन्य प्रशिक्षण आरटीओ टीम द्वारा दिया गया।

अपने ऊपर लगे आरोपों पर बोले भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष

धार्मिक कार्यों में हमेशा बाधाएं आती हैं: दीपक शर्मा

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजगढ़

जब-जब धर्म का कार्य होता है तो आसुरी शक्तियां हावी होती हैं। धार्मिक और सामाजिक कामों में हमेशा बाधाएं आती हैं। 84 हनुमान दर्शन यात्रा को लेकर एक व्यक्ति द्वारा आर्थिक सहायता(चंदे) के संबंध में जो आरोप लगाए गए हैं वे पूरी तरह बेबुनियाद हैं। उक्त यात्रा के लिए बाकायदा पूरी समिति बनी हुई है। उस समिति के सम्मुख पूरा हिसाब रखा जा चुका है।

उक्त बात भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष दीपक शर्मा ने बुधवार दोपहर एक प्रेसवार्ता को संबोधित करते हुए अपने ऊपर लगे उन आरोपों को खारिज करते हुए कहीं जिसमें पूर्व पार्षद प्रतिनिधि भानू जकोदिया द्वारा यात्रा संबंधी हिसाब न देने की शिकायत थाने पहुंचकर की गई थी। श्री शर्मा ने आगे कहा कि भानू जकोदिया द्वारा स्वेच्छा से राशि दी गई थी। यात्रा के 07 माह बाद उन्होंने हिसाब मांगा। इस पर उनसे आयोजन समिति के सम्मुख हनुमान मंदिर में बैठकर हिसाब देखने आने कई बार बोला गया लेकिन श्री जकोदिया नहीं आए।



आगे भी होगा यात्रा का आयोजन

प्रेसवार्ता को संबोधित करते हुए पूर्व जिलाध्यक्ष शर्मा ने कहा कि वे आरोपों से हतोत्साहित नहीं हैं। जीवन में अनेकों बार झंझावात आते हैं पर ऐसी अड़चनें धर्म की पताका को झुका नहीं पातीं। आगामी 24 जनवरी को पुनः 84 हनुमान दर्शन यात्रा का आयोजन और वृहद रूप में किया जाएगा। उधर, इस बारे में पूर्व पार्षद प्रतिनिधि भानू जकोदिया की भी प्रतिक्रिया सामने आई है। उनका कहना है कि कार्यक्रम के आठ महीने बाद भी दीपक शर्माजी ने हिसाब क्यों नहीं दिया। मैंने आयोजन हेतु 2 लाख रुपए दिए तो मुझे हिसाब मांगने का हक है। यात्रा आयोजन में उतना खर्च नहीं हुआ जितनी राशि एकत्रित हुई थी।